इंदौर, भोपाल से एक साथ प्रकाशित

मृदुभाषी

सच्ची ख़बरें, सलीके के साथ



03
गिरिबाला सिंह की जमानत याचिका खारिज



04
दिल्ली में सोना 4800 रुपए उछला

youtube.com/mradubhashi x.com/mradubhashi1 facebook.com/mradubhashi

इंदौर, गुरुवार, 05 नवम्बर 2026 नगर संस्करण, वर्ष: 07, अंक: 49, पृष्ठ: 08, मूल्य: 5:00 रूपए

होर्मुज से भारतीय जहाजों को गुजरने रास्ता देगा ईरान



नई दिल्ली। ईरान ने चीन, इराक और कतर के जहाजों को भी यह छूट दी है। 28 फरवरी से इस रास्ते पर जहाजों की आवाजाही पर पाबंदियां लगी हुई थीं। भारत अपने कुल कच्चे तेल आयात का करीब 40% इसी रास्ते से मंगाता है।

ईरान की न्यूज वेबसाइट ईरानवायर और अनादोलू एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक, ईरानी संसद की राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति स रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान ने भारत को यह छूट इसलिए दी है, ताकि उसे भारत से दवाएं मिलती रहें। वहीं, चीन को छूट देने के पीछे ईरान की उम्मीद है कि मुश्किल वक्त में बीजिंग उसका राजनीतिक रूप से साथ देगा। हालांकि, भारतीय और चीनी जहाजों को होर्मुज से गुजरने के लिए पैसे देने होंगे। वहीं, कतर के जहाज बिना कोई शुल्क दिए इस रास्ते से गुजर सकेंगे।

सरकारी कुर्सी बना खजाना: लोकायुक्त के छापे में खुले सहकारी समिति प्रबंधक के काले कारनामे

65 लाख की सैलरी और करोड़ों के महल-जेसीबी छापे में आय से 731 प्रतिशत संपत्ति का खुलासा

मृदुभाषी। धार

भ्रष्टाचार के खिलाफ लोकायुक्त संगठन ने मध्य प्रदेश के धार जिले में एक बार फिर बड़ा और कड़ा प्रहार किया है। आदिम जाति सेवा सहकारी समिति नालछा के प्रबंधक शेरसिंह ठाकुर के ठिकानों पर लोकायुक्त इंदौर की टीमों ने बुधवार को एक साथ ताबड़तोड़ छापेमार कार्रवाई की।

महज 20 साल के सेवाकाल में वैध वेतन के नाम पर कुछ लाख कमाने वाले इस सहकारिता प्रबंधक के ठिकानों से जब काली कमाई के दस्तावेज और आलीशान संपत्तियां बाहर आईं, तो जांच अधिकारियों की भी आंखें फटी रह गईं। लोकायुक्त की शुरुआती और विस्तृत जांच में शेरसिंह ठाकुर के पास वैध आय से कई गुना अधिक, यानी 731 प्रतिशत तक अनुपातहीन संपत्ति और व्यय का



चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। लोकायुक्त की प्रारंभिक जांच के आंकड़ों के अनुसार, आरोपी प्रबंधक ने अकूत अवैध कमाई को जमीन और इमारतों में खपाया है। ग्राम सोड़पुर (नालछा) में 0.1520 हेक्टेयर भूखंड पर करीब 2400 वर्गफीट क्षेत्रफल में एक भव्य दो मंजिला भवन खड़ा किया गया है, जिसकी अनुमानित लागत 97 लाख रुपए आंकी गई है। इसके अलावा नालछा में मांडव रोड पर सोड़पुर तिराहे के पास करीब 1350 वर्गफीट का एक व्यावसायिक भवन भी मिला है, जिसकी कीमत लगभग 20 लाख रुपए है। प्रबंधक के पास केवल जमीन-मकान ही नहीं, बल्कि भारी-भरकम गाड़ियों और मशीनरी का जखीरा भी मिला है। लोकायुक्त की

तीन ठिकानों पर एक साथ चली लोकायुक्त की सर्जिकल स्ट्राइक: लोकायुक्त महानिदेशक योगेश देशमुख के निर्देश, डीआईजी मनोज सिंह के मार्गदर्शन और पुलिस अधीक्षक राजेश सहाय के नेतृत्व में यह पूरी कार्रवाई अंजाम दी गई। लोकायुक्त डीएसपी आनंद चौहान, निरीक्षक आशुतोष मिठास, प्रतिभा तोमर और सचिन पटेरिया के नेतृत्व में गठित तीन अलग-अलग टीमों ने एक साथ सोड़पुर, नालछा और मांडव स्थित प्रबंधक के ठिकानों पर मोर्चा संभाला। इस सर्च अभियान के दौरान घर के कोने-कोने और कागजात की बारीकी से छानबीन की गई, जिसमें अकूत संपत्ति के राज खुलकर सामने आए।

जांच में एक जेसीबी मशीन, महिंद्रा ट्रैक्टर, महिंद्रा टीयूवी, ऑल्टो कार, बुलेट मोटरसाइकिल सहित तमाम कृषि यंत्र और संयंत्र बरामद हुए हैं, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 53 लाख रुपए है। इसके अलावा घर के सामान की इन्वेंट्री 1,22,69,200 रुपये, स्वर्ण-रजत आभूषण व नकद राशि 6,72,655 रुपये, ग्राम नालछा स्थित मकान की इन्वेंट्री 1,14,450 रुपये तथा ग्राम सोड़पुर स्थित पैतृक मकान की इन्वेंट्री 6,35,340 रुपये आंकी गई है। दस्तावेजों के विश्लेषण से सामने आया कि आरोपी प्रबंधक की लगभग 25 लाख रुपए वेतन से और करीब 15 लाख रुपए कृषि आदि से यानी कुल वैध आय लगभग 40 लाख रुपए थी। इसके मुकाबले उन्होंने परिसंपत्तियों और निर्माण कार्यों पर 3.32 करोड़ रुपए का अनुपातहीन व्यय किया। इस प्रकार कुल वैध आय के मुकाबले 731 प्रतिशत से अधिक की अनुपातहीन संपत्ति और खर्च का खुलासा हुआ है। लोकायुक्त ने

पत्नी के नाम पर करोड़ों की कृषि भूमि के दस्तावेज

जांच का दायरा बढ़ा तो प्रबंधक की पत्नी कविता ठाकुर के नाम पर भी बड़े पैमाने पर जमीनों के सौदे उजागर हुए। पत्नी के नाम पर ग्राम सोड़पुर (तहसील पीथमपुर) में 0.645 हेक्टेयर कृषि भूमि मिली है, जिस पर करीब 8 लाख रुपए खर्च किए गए। वहीं ग्राम मांडव में पत्नी के नाम पर ही 2.526 हेक्टेयर विशाल कृषि भूमि खरीदे जाने की जानकारी सामने आई है, जिसकी बाजार कीमत लगभग 42 लाख रुपए आंकी गई है।

आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण (संशोधन) अधिनियम 2018 की धारा 13(1)(बी) एवं 13(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

एक्शन: तत्काल प्रभाव से निलंबित

लोकायुक्त की इस बड़ी कार्रवाई और मीडिया में खबरें आने के बाद सहकारिता विभाग भी हरकत में आ गया। नालछा एवं छोटाजामन्या प्राथमिक बहुउद्देशीय कृषि साख सहकारी संस्था में प्रभारी प्रबंधक के रूप में पदस्थ शेरसिंह ठाकुर को विभाग ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय जिला सहकारी केंद्रीय बैंक धार की बगड़ी शाखा निर्धारित किया गया है, जहां उन्हें नियमानुसार केवल जीवन निर्वाह भत्ता ही प्राप्त होगा। जांच के बाद कार्रवाई का दायरा बढ़ सकता है।

अग्निवीर योजना में बड़ा बदलाव: CDS के नए ऐलान से तीनों सेनाओं के लाखों जवानों को सीधा लाभ

अब चार की जगह छह साल तक सेवा दे सकेंगे अग्निवीर

मृदुभाषी। नई दिल्ली

भारतीय सेना की 'अग्निपथ योजना' को लेकर केंद्र सरकार और रक्षा मंत्रालय ने एक बेहद महत्वपूर्ण और बड़ा बदलाव किया है। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (CDS) जनरल एनएस राजा सुब्रमणि ने बुधवार को एक ऐतिहासिक घोषणा करते हुए बताया कि अब अग्निवीर चार के बजाय कुल छह साल तक अपनी सेवाएं दे सकेंगे।

इस नए फैसले से तीनों सेनाओं में तैनात लगभग 3.18 लाख अग्निवीरों को सीधा फायदा पहुंचेगा। योजना के तहत दो साल की अतिरिक्त सेवा अवधि के दौरान जवानों को बढ़ी हुई सैलरी और भत्तों का लाभ भी मिलेगा। अग्निवीर भर्ती के लिए न्यूनतम उम्र 17 साल 6 महीने है। अधिकतम उम्र सामान्यतः थल सेना में 22 साल और नौसेना-वायुसेना में 21 साल होती है। अंतिम उम्र सीमा संबंधित भर्ती के नोटिफिकेशन से तय होती है।

पहले क्या थी व्यवस्था और क्यों पड़ी बदलाव की जरूरत?



वर्ष 2022 में शुरू की गई अग्निपथ योजना के शुरुआती प्रावधानों के अनुसार, युवाओं को चार साल के लिए सेना में भर्ती किया जाता था। चार साल का कार्यकाल पूरा होने के बाद केवल 25 प्रतिशत सैनिकों को ही मेरिट के आधार पर नियमित (परमानेंट) कैडर में शामिल किया जाता था, जबकि शेष 75 प्रतिशत जवानों को सेवा से मुक्त कर दिया जाता था। चूंकि पहले बैच की भर्ती के चार साल इसी साल दिसंबर में पूरे होने वाले थे और इसके तहत करीब 18,300 अग्निवीरों (कुल 24,400 के 75%) को नवंबर के मध्य से चरणबद्ध तरीके से बाहर किया जाना था, इसलिए सेना में प्रशिक्षित और अनुभवी जवानों के अनुभव का लाभ आगे भी बनाए रखने के लिए इस नीति में संशोधन की आवश्यकता महसूस की गई।

दो साल का अतिरिक्त सेवा विस्तार, चयन का अवसर

नई संशोधित व्यवस्था के तहत, चार साल की सेवा पूरी करने वाले 75 प्रतिशत अग्निवीरों को उनकी सहमति से दो साल का अतिरिक्त सेवा विस्तार दिया जाएगा। यह सेवा पूरी होने के बाद इन जवानों को सेना में नियमित सैनिक बनने का एक और अवसर मिलेगा, हालांकि यह चयन पूरी तरह से मेरिट और उनके प्रदर्शन के आकलन पर निर्भर करेगा। इसके अलावा, दो साल की अतिरिक्त सेवा अवधि मिलने के कारण अब अग्निवीरों को अर्धसैनिक बलों (CAPF), रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (DPSU) या राज्य सरकारों की भर्तियों में मिलने वाले पूर्व प्रस्तावित 10% आरक्षण के प्रावधान में बदलाव किया गया है, क्योंकि उन्हें अब सेना के भीतर ही नियमित होने का सीधा और विस्तारित मौका मिल रहा है।

भर्ती प्रक्रिया और स्किल सर्टिफिकेट से जुड़ी अन्य महत्वपूर्ण बातें



इस व्यापक बदलाव के साथ ही सैन्य बलों की चयन और प्रशिक्षण प्रक्रिया में भी कुछ अन्य सुधार किए गए हैं। अब भविष्य की अग्निवीर भर्तियों में चयन प्रक्रिया के तहत पहले लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी और उसके बाद फिजिकल (शारीरिक) टेस्ट लिया जाएगा, जो कि पुरानी प्रक्रिया के बिल्कुल विपरीत है। इसके अतिरिक्त, सेना में सेवा के दौरान प्राप्त किए गए तकनीकी प्रशिक्षण और व्यावहारिक अनुभव को औपचारिक मान्यता देने के लिए जवानों को आधिकारिक 'स्किल सर्टिफिकेट' भी प्रदान किए जाएंगे, ताकि वे भविष्य में नागरिक क्षेत्रों में भी अपने कौशल का पूरा उपयोग कर सकें। रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि इस नीतिगत बदलाव से एक ओर जहां देश के युवाओं को करियर के अधिक स्थिर और सुरक्षित अवसर मिलेंगे, वहीं दूसरी ओर भारतीय सेना को लंबे समय तक उच्च प्रशिक्षित और अनुभवी जवानों का मजबूत संबल प्राप्त होता रहेगा।

कांग्रेस की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट का बड़ा आदेश

सप्रे की सदस्यता पर को दो महीने में सुनाना होगा फैसला

मृदुभाषी। भोपाल/नई दिल्ली



मध्य प्रदेश के सागर जिले की बीना विधानसभा सीट से विधायक निर्मला सप्रे के खिलाफ लंबित दलबदल मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए महत्वपूर्ण निर्देश दिए हैं। शीर्ष अदालत ने मध्य प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर को इस संवेदनशील मामले में दो महीने के भीतर अंतिम फैसला सुनाने का आदेश दिया है। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार द्वारा दायर इस याचिका पर अब सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद निर्धारित समयसीमा में फैसला होना तय हो गया है।

पूरा विवाद 2023 के मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव से जुड़ा है, जहाँ निर्मला सप्रे ने बीना सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी के रूप में जीत हासिल की थी। हालांकि, चुनाव जीतने के कुछ समय बाद ही उन पर भारतीय जनता पार्टी का खुलकर समर्थन करने और सत्तारूढ़ दल के पक्ष में प्रचार में शामिल होने के आरोप लगे। इसके बाद नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष संविधान की दसवीं अनुसूची (दलबदल विरोधी कानून) के तहत याचिका दायर कर निर्मला सप्रे की विधानसभा सदस्यता समाप्त करने और उनके निर्वाचन को शून्य घोषित करने की मांग की थी। मामले की सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि संविधान की दसवीं अनुसूची यानी दलबदल से जुड़े मामलों का शीघ्र और समयबद्ध निपटारा किया जाना आवश्यक है। शीर्ष अदालत ने टिप्पणी की कि लोकतंत्र में ऐसे मामलों में समय पर निर्णय लेना अत्यंत महत्वपूर्ण है, भले ही उच्च न्यायालय को संबंधित प्रकरण में तत्काल हस्तक्षेप की आवश्यकता महसूस न हुई हो। अब सुप्रीम कोर्ट के इस सीधे आदेश के बाद विधानसभा अध्यक्ष को आगामी दो महीने में अपना फैसला देना होगा।

अदालत की सख्त टिप्पणी: दलबदल मामलों का समय पर निपटारा बेहद जरूरी

सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तन्खा ने पक्ष रखा। उन्होंने कोर्ट को बताया कि विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष आवेदन दिए 90 दिनों से अधिक का समय बीत चुका है, लेकिन इस पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, जिसके कारण कांग्रेस को अदालत की शरण में आना पड़ा।

दल-बदल कानून का महत्व

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद उमंग सिंघार ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का निर्णय संविधान की गरिमा को मजबूत करता है। उन्होंने जोर दिया कि जनता ने निर्मला सप्रे को कांग्रेस के टिकट पर चुनकर विधानसभा भेजा था। जनादेश के साथ विश्वासघात करने वालों को दल-बदल कानून के तहत जवाबदेह बनाना आवश्यक है। यह कानून जनप्रतिनिधियों को दल बदलने से रोकने के लिए बनाया गया है। इसका उद्देश्य राजनीतिक स्थिरता और लोकतांत्रिक शुचिता बनाए रखना है। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने विधानसभा अध्यक्ष से निष्पक्ष निर्णय की उम्मीद जताई है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि अध्यक्ष शीघ्र और न्यायसंगत फैसला लेंगे। यह निर्णय लोकतंत्र में जनता के जनादेश की गरिमा को अक्षुण्ण रखेगा। सांविधानिक मर्यादाओं का पालन करते हुए फैसला लिया जाना चाहिए। दो महीने की समय सीमा में इस महत्वपूर्ण मामले का समाधान होगा।

रेप केसों के निपटारे के लिए 850 फास्ट-ट्रैक कोर्ट

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने बुधवार को आयोजित कैबिनेट बैठक में देशहित और सुरक्षा से जुड़े कई अहम और बड़े फैसले लिए हैं। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रेस ब्रीफिंग में इन फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि महिलाओं के खिलाफ होने वाले यौन शोषण और रेप केसों के मामलों का त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के लिए देश भर में 850 नए फास्ट-ट्रैक कोर्ट बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। इसके अलावा ऊर्जा के क्षेत्र में बड़ा कदम उठाते हुए बिजली भंडारण (एनर्जी



स्टोरेज) को बढ़ावा देने के लिए 92 गीगावाट-घंटे (GWh) क्षमता वाली ग्रिड स्केल एनर्जी स्टोरेज कैपेसिटी योजना को स्वीकृति दी गई है, जिस पर 14,500 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।

हाउस में 228, सीनेट में 54 और गवर्नर्स के चुनाव में 22 सीटों पर डेमोक्रेट की जीत

डेमोक्रेट्स का क्लीन स्वीप, ट्रम्प को झटका

एजेंसी। वॉशिंगटन

अमेरिका के मध्यावधि (मिडटर्म) चुनावों के आए चौंकाने वाले परिणामों ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और उनकी पार्टी को बड़ा झटका दिया है। चुनाव नतीजों के अनुसार विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी ने संसद के दोनों सदनों में बहुमत हासिल करते हुए एकतरफा बढ़त बनाई है, जिसे अमेरिकी राजनीति में 'ब्लू स्वीप' के रूप में देखा जा रहा है। चुनाव आयोग के आंकड़ों के मुताबिक, हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स की कुल 435 सीटों में से डेमोक्रेटिक पार्टी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 228 सीटों पर कब्जा जमाया है, जबकि ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी महज 139 सीटों पर सिमटकर रह गई। वहीं, सीनेट की 100 सीटों में से अब तक आए 33 परिणामों और कुल आंकड़ों को मिलाकर डेमोक्रेट्स के पास अब मजबूत बहुमत के साथ कुल 54 सीटें हो गई हैं, जबकि रिपब्लिकन पार्टी के खाते में 44 सीटें ही आई हैं। इसके अलावा देश के 36 राज्यों में हुए गवर्नर पदों के चुनावों में भी डेमोक्रेट्स ने बाजी मारते हुए 22 राज्यों में जीत दर्ज की है, जबकि रिपब्लिकन पार्टी को 12 सीटों पर संतोष करना पड़ा है। इस करारी हार के साथ ही अमेरिकी संसद और राज्यों की सत्ता पर अब विपक्षी दल का वर्चस्व स्थापित हो गया है।



सुप्रीम कोर्ट बोला-गलत नंबर डायल कर रहे हैं

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को लोकसभा और विधानसभा की SC-ST आरक्षित सीटों के अनिवार्य रोटेशन की याचिका पर सुनवाई हुई। चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने याचिकाकर्ता के वकील से हल्के अंदाज में कहा, 'आप गलत नंबर डायल कर रहे हैं। यह विरोध और प्रदर्शन का दौर है, शायद आपको भी ऐसा करना चाहिए।'

सुप्रीम कोर्ट की CJI सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी. मोहना की बेंच ने याचिका पर दखल देने से इनकार कर दिया। कहा, 'आरक्षित सीटों का रोटेशन लागू करना विधायिका का विषय है। संविधान के अनुच्छेद 332 में SC-ST के लिए सीटों के आरक्षण का प्रावधान है।' याचिका खारिज कर दी गई। याचिका उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर जिले की 191-कादीपुर विधानसभा सीट से जुड़े मतदाता जगदीश सिंह ने लगाई थी। यह सीट 1952 में पहले चुनाव के बाद से सात दशक से ज्यादा समय से SC के लिए आरक्षित है।

आरएसएस का नया रोडमैपः इंदौर की बैठक में जेन-जी के मुद्दों से लेकर सोशल मीडिया और नक्सलवाद पर मंथन

संगठन में बड़ा प्रशासनिक बदलाव 47 प्रांतों की जगह बनेंगे 88 संभाग

मृदुभाषी। इंदौर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने अपने कार्यविस्तार और समसामयिक विषयों को लेकर एक बड़ा रोडमैप तैयार किया है। इंदौर में आयोजित संघ की अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की महत्वपूर्ण बैठक में 'जेन-जी' (युवा पीढ़ी) की आकांक्षाओं, सोशल मीडिया के बढ़ते दुरुपयोग, नक्सलवाद, आरक्षण तथा देश की सुरक्षा से जुड़े अहम मुद्दों पर गहन मंथन हुआ और संघ ने इन पर अपना आधिकारिक रुख भी स्पष्ट किया।

सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों पर चर्चा करते हुए सरकार्यवाह ने स्पष्ट किया कि केवल कानूनों के बल पर इसके दुरुपयोग को रोकना संभव नहीं है। भारत में पूर्व में टिकटॉक जैसे ऐप पर प्रतिबंध लगाया गया था, लेकिन इस प्रकार की पाबंदियां पूर्णतः प्रभावी साबित नहीं होती हैं। यद्यपि कई देशों में सोशल मीडिया के लिए कड़े नियम बन रहे हैं और भारत में भी इसकी मांग उठ रही है, परंतु संघ का मानना है कि पारिवारिक संस्कारों और मानवीय मूल्यों के माध्यम से ही इस समस्या का स्थायी समाधान निकाला जा सकता है। वहीं आरक्षण के विषय पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि आरक्षण को राजनीति का जरिया नहीं बनाया जाना चाहिए। यह एक सामाजिक व्यवस्था है और जिन वंचित वर्गों को वास्तव में इसकी आवश्यकता है, उन्हें इसका पूरा लाभ निर्बाध रूप से मिलना चाहिए। संगठन को अधिक प्रभावी और गतिशील बनाने के लिए संघ ने अपने प्रशासनिक ढांचे में ऐतिहासिक बदलाव किया है। आरएसएस ने क्षेत्रीय व्यवस्था को समाप्त करते हुए देशभर के 47 प्रांतों को पुनर्गठित कर 88 संभागों में विभाजित करने का निर्णय लिया है। अब संभाग स्तर पर ही विभिन्न संगठनात्मक पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी। दत्तात्रेय होसबाले ने बताया कि संघ का लक्ष्य देशभर में एक लाख नए स्थानों पर अपनी शाखाएं शुरू करने का है। इन नई शाखाओं का स्वरूप दैनिक न होकर साप्ताहिक या पाक्षिक (15 दिन में एक बार) भी हो सकता है। वर्तमान आंकड़ों की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि इस वर्ष देश भर में 99,423 दैनिक शाखाएं संचालित हो रही हैं। इसके अलावा 34 हजार से अधिक साप्ताहिक मिलन और 14 हजार से ज्यादा मासिक मिलन आयोजित किए जा रहे हैं। कुल मिलाकर 1.03 लाख से अधिक स्थानों पर संघ की गतिविधियां निरंतर जारी हैं। संघ के शताब्दी वर्ष के दौरान ग्रामीण भारत में व्यापक जनसंपर्क किया गया, जिसके तहत 65 हजार से अधिक 'हिंदू सम्मेलन' आयोजित हुए, जिनमें लगभग 5 करोड़ लोगों ने सहभागिता की। साथ ही युवाओं के लिए 50 हजार से अधिक विशेष कार्यक्रम और सामाजिक नेतृत्वकर्ताओं के साथ विचार-विमर्श के सत्र आयोजित किए गए।



युवाओं से हो सकारात्मक संवादः दत्तात्रेय होसबाले

बैठक के बाद पत्रकारों से चर्चा करते हुए संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने कहा कि समाज में मुद्दे उठाना और अपनी बात प्रखरता से रखना युवा पीढ़ी का लोकतांत्रिक अधिकार है। युवाओं को किसी भी सूरत में देशविरोधी नहीं समझा जाना चाहिए। हालांकि, उन्होंने सचेत करते हुए कहा कि अराजक तत्वों और राष्ट्रविरोधी शक्तियों द्वारा युवाओं को भड़काकर देश में अशांति या हिंसा फैलाना पूरी तरह गलत है। युवा पीढ़ी में स्वाभाविक रूप से व्यवस्था के प्रति असंतोष का भाव होता है, लेकिन इसका राजनीतिक लाभ उठाना अनुचित है। संघ का मानना है कि युवाओं के साथ निरंतर सकारात्मक संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं का रचनात्मक समाधान निकाला जाना चाहिए।

एसआईआर और अंतरराष्ट्रीय सीमा पर संघ की नीति स्पष्ट

मतदाता सूची के पुनरीक्षण (एसआईआर) पर होसबाले ने कहा कि नियम के अनुसार मतदाता का नाम उसी स्थान की सूची में होना चाहिए जहाँ वह मूल रूप से निवास करता है। गैर-नागरिकों का भारतीय मतदाता सूची में शामिल होना देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संघ के विस्तार के प्रश्नों पर उन्होंने विराम लगाते हुए स्पष्ट किया कि यद्यपि दुनिया के कई देशों में संघ के स्वयंसेवक व्यक्तिगत रूप से सक्रिय हैं, लेकिन आरएसएस अपने संगठन का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विस्तार नहीं करेगा। संघ का कार्यक्षेत्र केवल भारत की भौगोलिक सीमाओं तक ही सीमित रहेगा।

दीपावली पर घर वापसी की मशक्कत, ट्रेनों में भारी भीड़



इंदौर से चलने वाली ट्रेनों और बसों में भारी भीड़, पटना ट्रेन की खिड़की से घुसते दिखे यात्री, बसों का किराया 20% तक बढ़ा

मृदुभाषी। इंदौर

ट्रेनों में 100 के पार पहुंची वेटिंग, बसों का किराया भी आसमान परः इंदौर रेलवे स्टेशन पर आम दिनों के मुकाबले कई गुना ज्यादा भीड़ उमड़ रही है। बुधवार से लेकर अगले सोमवार तक इंदौर से रवाना होने वाली लगभग सभी ट्रेनों में कन्फर्म टिकट मिलना नामुमकिन साबित हो रहा है, और अधिकांश ट्रेनों में वेटिंग लिस्ट 100 के पार पहुंच चुकी है। ट्रेनों में जगह न मिलने के कारण यात्रियों का रुख बसों की ओर हुआ है, जिसका फायदा उठाते हुए ट्रैवल एजेंसियों ने किराए में 15 से 20 प्रतिशत तक का इजाफा कर दिया है।

दीपावली के पावन पर्व पर अपने घर लौटने का सपना संजोए बैठे हजारों लोगों की उम्मीदों पर नो-रूम का बोर्ड पानी फेर रहा है। त्योहारी सीजन के चलते इंदौर से चलने वाली ट्रेनों और लंबी दूरी की बसों पर यात्रियों का भारी दबाव बढ़ गया है। दिल्ली, मुंबई, पुणे समेत महाराष्ट्र, गुजरात और राजस्थान रूट की सभी प्रमुख ट्रेनें पूरी तरह पैक चल रही हैं।

हालात का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि बुधवार को इंदौर रेलवे स्टेशन से रवाना हुई पटना एक्सप्रेस के जनरल कोच में सवार होने के लिए यात्रियों के बीच होड़ मच गई। ट्रेन के भीतर जगह न मिलने पर कई यात्री आपातकालीन (इमरजेंसी) खिड़की के जरिए अंदर घुसने की जद्दोजहद करते नजर आए। इंदौर से सीधा कन्फर्म टिकट न मिलने की स्थिति में यात्री अब वैकल्पिक रास्तों की तलाश कर रहे हैं। त्योहार पर हर हाल में घर पहुँचने की चाह में कई लोग भोपाल, उज्जैन या आसपास के अन्य बड़े शहरों के स्टेशनों से टिकट बुक कराने की कोशिश कर रहे हैं।

इंदौर-मुंबई सेंट्रल स्पेशल का बढ़ाया एक फेरा

यात्रियों की लगातार बढ़ती भीड़ और असुविधा को देखते हुए पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल ने ट्रेन संख्या 09080/09079 इंदौर-मुंबई सेंट्रल स्पेशल ट्रेन के फेरों में बढ़ोतरी की है। सप्ताह में दो दिन चलने वाली यह स्पेशल ट्रेन अब सप्ताह में तीन दिन संचालित होगी। नई व्यवस्था के तहत 5 नवंबर से इंदौर से चलने वाली ट्रेन संख्या 09080 इंदौर-मुंबई सेंट्रल स्पेशल अब सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को रवाना होगी। वहीं मुंबई सेंट्रल से चलने वाली ट्रेन संख्या 09079 मंगलवार, गुरुवार और रविवार को चलेगी। रेलवे ने इस स्पेशल ट्रेन की अवधि को 30 नवंबर 2026 तक के लिए बढ़ा दिया है, हालांकि इसके बावजूद यात्रियों की भारी संख्या के आगे सीटें नाकाफी साबित हो रही हैं।

प्रेम विवाह के एक साल बाद नवविवाहिता ने लगाई फांसी

इंदौर। इंदौर के तुकोगंज इलाके में एक 21 साल की नवविवाहिता द्वारा आत्महत्या किए जाने के मामले में पुलिस ने कड़ा कदम उठाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रेम विवाह के ठीक एक साल बाद यह दुखद घटना घटित हुई है। मृतका के मायके पक्ष ने उसके पति पर गंभीर प्रताड़ना और रुपयों की मांग करने के आरोप लगाए हैं। इस सनसनीखेज मामले में एसीपी अपूर्वा किलेदार के निर्देशों के बाद पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ आधिकारिक तौर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है और उसे हिरासत में ले लिया है। तुकोगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले रुस्तम का बगीचा इलाके में रहने वाली अंजलि रत्नवाल ने 19 अक्टूबर की शाम अपने ही घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। घटना के समय रात को उसकी ननद ने उसे फंदे पर लटका हुआ देखा था।

एमपी से गुजरात तक फैला अवैध शराब माफिया का जाल

देवास मामलाः जंगलों-बायपास रास्तों से रात में होती है करोड़ों की तस्करी


देवास/इंदौर। देवास में पिछले दिनों अवैध शराब तस्करों द्वारा ड्यूटी पर तैनात थाना प्रभारी दिलीप पुरी की हत्या ने मध्य प्रदेश में जड़ें जमा चुके शराब माफिया के खौफनाक और ताकतवर होते सिंडिकेट की पोल खोलकर रख दी है। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए आरोपी पश्चिमी मध्य प्रदेश से गुजरात तक फैले अवैध शराब सप्लाई सिंडिकेट के सक्रिय सदस्य बताए जा रहे हैं। जिस मिनी ट्रक ने थाना प्रभारी को कुचला था, उसमें लदी शराब टिमरनी से गुजरात पहुंचाई जा रही थी। इस दर्दनाक वारदात ने साबित कर दिया है कि मालवा और निमाड़ के रास्तों से होकर गुजरात तक चलने वाला अवैध शराब का कारोबार अब कितना जानलेवा रूप ले चुका है।

मालवा और निमाड़ अंचल से गुजरात तक अवैध शराब की तस्करी माफिया के लिए बेतहाशा मुनाफे का जरिया बनी हुई है। आदिवासी बहुल और पिछड़े जिलों में शामिल अलीराजपुर की शराब दुकानों का ठेका पिछले साल ही 25 करोड़ रुपये में गया था, जो यहाँ की बिक्री के बजाय तस्करी के बड़े पैमाने की ओर इशारा करता है। ग्रामीण क्षेत्रों में कम कीमत पर ठेके लेकर दुकानों के नाम पर भारी स्टॉक मंगाया जाता है। कागजों में इस शराब की बिक्री स्थानीय दुकानों पर दर्ज कर दी जाती है, जबकि असलियत में इसे चोरी-छिपे गुजरात सीमा पार करा दिया जाता है, जहाँ शराबबंदी के कारण यह कई गुना ऊंचे दामों पर बिकती है। पूर्व में 24 जुलाई को इंदौर पुलिस ने भी कनाड़िया बायपास पर लाखों की अवैध शराब से भरा ट्रक पकड़कर इस सिंडिकेट के दो और सदस्यों को सलाखों के पीछे भेजा था। इस सिंडिकेट के काम करने का तरीका बेहद शातिर है। माल ढोने वाले आयशर वाहनों, टैंकरों और ट्रकों में शराब लादकर अलीराजपुर पहुंचाई जाती है। चालकों को प्रति ट्रिप 5 से 10 हजार रुपये तक का भुगतान किया जाता है। शराब से भरे वाहनों के आगे-आगे सुरक्षा के लिए पायलटिंग गाड़ियां चलती हैं, जो किसी भी खतरे या पुलिस चेकिंग की भनक मिलते ही पीछे आ रहे वाहन को सतर्क कर देती हैं। तस्करी का अधिकांश खेल देर रात 1 बजे से तड़के 5 बजे के बीच खेला जाता है। दाहोद, राणापुर और चांदपुर से सटे घने जंगलों और दुर्गम सीमावर्ती रास्तों की जानकारी रखने वाले स्थानीय चालक छोटे वाहनों के जरिए इस खेप को गुजरात के ग्रामीण इलाकों तक आसानी से पहुंचा देते हैं। इस पूरे गोरखधंधे में आबकारी विभाग के कुछ अधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत के गंभीर आरोप भी लगते रहे हैं।



मेधावी छात्र के खिलाफ दर्ज एफआईआर और चार्जशीट रद्द

इंदौर। मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ ने एक महत्वपूर्ण निर्णय सुनाते हुए आदिवासी युवाओं के प्रदर्शन मामले में याचिकाकर्ता के विरुद्ध दर्ज प्राथमिकी, आरोप पत्र और निचली अदालत द्वारा लिए गए संज्ञान को रद्द कर दिया है। न्यायमूर्ति पवन कुमार द्विवेदी की एकल पीठ ने आदेश में स्पष्ट किया कि संबंधित लोक सेवक की लिखित शिकायत के बिना भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के तहत अदालत संज्ञान नहीं ले सकती।



'रामायण' के नल का निधन, 63 साल की उम्र में दुनिया को कहा अलविदा; इंदौर से था नाता

मृदुभाषी। इंदौर

रामानंद सागर के लोकप्रिय और ऐतिहासिक टीवी धारावाहिक 'रामायण' में नल का किरदार निभाने वाले अभिनेता गिरीश सेठ का 3 नवंबर 2026 को निधन हो गया। उनके निधन की खबर से रामायण धारावाहिक के दर्शकों और उनसे जुड़े लोगों के बीच शोक का माहौल है। गिरीश सेठ मूल रूप से मध्य प्रदेश के इंदौर के रहने वाले थे। उन्होंने अभिनय की दुनिया में अपनी अलग पहचान बनाई थी, लेकिन बाद में उन्होंने ग्लैमर की दुनिया से दूरी बना ली।

रामायण में गिरीश सेठ ने केवल नल की ही भूमिका नहीं निभाई थी, बल्कि उन्होंने कई अन्य किरदारों को भी पर्दे पर जीवंत किया था। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, उन्होंने राजा दशरथ के मंत्री और उनके डुप्लीकेट की भूमिका भी निभाई थी। इसके अलावा गंधर्व पुत्र, कबंध राक्षस और रावण के दरबारियों सहित अन्य किरदारों में भी नजर आए थे। 'उत्तर रामायण' में उन्होंने ऋषि भारद्वाज की भूमिका निभाई थी। अभिनय की दुनिया से दूर होने के बाद गिरीश सेठ ने आध्यात्मिक और सामाजिक गतिविधियों से जुड़कर अपनी अलग राह चुनी। वे वर्तमान में योग गुरु के रूप में लोगों का मार्गदर्शन कर रहे थे। मेडिटेशन और विपश्यना शिविरों के माध्यम से लोगों को जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने की प्रेरणा देते थे। इसके साथ ही वे सामाजिक सेवा के कार्यों से भी जुड़े हुए थे। गिरीश सेठ का रामायण से जुड़ाव आज भी उन दर्शकों की यादों में रहेगा, जिन्होंने रामानंद सागर के इस धारावाहिक को बड़े चाव से देखा था। उनके निधन से रामायण के एक परिचित कलाकार का जीवन सफर समाप्त हो गया।



जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/क्रेता श्री करन वाघेला पिता मनोज बाघेला, श्रीमती कनक वाघेला पति मनोज भाई वाघेला विक्रेता रतिलाल विरजी भाई वाघेला झोन क्र. 5 राजस्व विभाग पर आवेदन के साथ रजिस्ट्री वसीयतनामा, वारिस नाते, दान पत्र अनुसार प्रस्तुत कर सर्विस /पिन नंबर 1000960514 पता 15 पुराना, नया 106, कारस देव नगर, इंदौर सुखलिया रोड पर नामांतरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन के दिनांक 05.11.2026 से 15 दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति बैंक संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो जोन क्रमांक 5 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अवधि पश्चात वह बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी जोन क्रमांक 5, इ.न.पा.नि. इंदौर

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है आवेदक/क्रेता **लीला बाई उपाध्याय पति जितेन्द्र उपाध्याय**। खाता क्र. 1001341738 झोन क्र. 19 विक्रेता **सुबोध कुमार जैन**। सम्पत्ति का पता- 115, पैकी आशीष नगर, इंदौर। इस जाहिर सूचना प्रकाशन 05.11.2026 से 15 दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 19 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी, झोन क्रमांक 19 नगर पालिका निगम इंदौर

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है आवेदक/क्रेता **श्री राहुल ठाकरे पुत्र स्व. अनन्त ठाकरे**, खाता क्र. 1007134137 झोन क्र. 19 विक्रेता **अभिजीत सिंह चौहान पुत्र केसर सिंह चौहान, नीरजा चौहान पति केसर सिंह चौहान**। सम्पत्ति का पता- 102, रुद्राक्ष अपार्टमेन्ट 206/2 पिपलियाहाना, इन्दौर। इस जाहिर सूचना प्रकाशन 05.11.2026 से 15 दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 19 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी, झोन क्रमांक 19 नगर पालिका निगम इंदौर

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है आवेदक/क्रेता का नाम **श्री ऊषा पॉल, रोहित पॉल, रोहन पॉल राहुल पॉल पुत्र स्व. श्री राबर्ट पॉल** विक्रेता- **पुष्पम पॉल पति स्व. फ्रांसिस पॉल**, खाता क्र. 1001333912 झोन क्र. 19 । सम्पत्ति का पता- 6, शर्मा एनक्लेव, गिरधर नगर इंदौर। इस जाहिर सूचना प्रकाशन 05.11.2026 से 15 दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 19 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी, झोन क्रमांक 19 नगर पालिका निगम इंदौर

डीपफेक वीडियो बनाने पर एडमिन पर एफआईआर

मृदुभाषी। इंदौर

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तकनीक का दुरुपयोग कर सरकारी अधिकारियों के डीपफेक चेहरे, सरकारी कार्यप्रणाली और राष्ट्रीय प्रतीकों से जुड़े भ्रामक वीडियो बनाने का मामला सामने आया है। पंढरीनाथ थाना पुलिस ने कृषि विभाग के उप संचालक की शिकायत पर 'कृषि क्रांति' नामक सोशल मीडिया पेज के एडमिन के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की है।

उप संचालक कृषि किसान कल्याण तथा कृषि विकास के अधिकारी संदीप यादव ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत के अनुसार, फेसबुक और इंस्टाग्राम पर 'कृषि क्रांति' नाम से एक सोशल मीडिया पेज संचालित होता है। इस पेज के एडमिन ने एआई टूल की मदद से शासकीय कर्मचारियों, सरकारी दफ्तरों, उनकी कार्यप्रणाली और राष्ट्रीय प्रतीकों से संबंधित भ्रामक, आपत्तिजनक और मानहानिकारक वीडियो तैयार किए। आरोपी ने इन वीडियो में अधिकारियों से मिलते-जुलते चेहरे भी डीपफेक तकनीक से बनाए और उन्हें सोशल मीडिया मंचों पर प्रसारित कर दिया। कृषि विभाग ने स्पष्ट किया है कि इन फर्जी वीडियो का विभाग से कोई लेना-देना नहीं है। जनता को भ्रमित करने और सरकारी कामकाज पर सवाल खड़े करने की नीयत से ये वीडियो बनाए गए हैं, जिससे शासकीय संस्थाओं की साख पर गंभीर असर पड़ता है। शिकायतकर्ता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, वीडियो के यूआरएल नंबर, डिजिटल रिकॉर्ड, आईपी लॉग्स और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की तकनीकी जांच की मांग की है। पंढरीनाथ थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 356(1) और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम (आईटी एक्ट 2000) की धारा 66सी व 66डी के तहत केस दर्ज कर जांच आरंभ कर दी है।

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है आवेदक **श्रीमती संगीता पति श्री विजय कुमार पाटीदार, साधना पति श्री सुनील कुमार पाटीदार, रंजीता पति श्री मोहन पाटीदार, मोहन पिता श्री रामचन्द्र पाटीदार** पता 153, स्कीम-97 इंदौर, झोन क्र. 21 विक्रयपत्र अनुसार इस जाहिर सूचना प्रकाशन 05.11.2026 से 15 दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 21 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी, झोन क्रमांक 21 नगर पालिका निगम इंदौर

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है। आवेदनकर्ता- श्री उदय गुर्जर पुत्र श्री मांगीलाल गुर्जर। विक्रेता श्री गणेश पिता श्री कजोड़ कुमावत, पिन 1000850344, झोन क्र. 01। विक्रयपत्र अनुसार इस जाहिर सूचना प्रकाशन 05.11.2026 से 15 दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 01 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

झोनल अधिकारी व सहायक राजस्व अधिकारी, झोन क्रमांक 01 नगर पालिका निगम इंदौर

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है। आवेदनकर्ता- श्री प्रतीक पाण्डेय, टी.एन. पाण्डेय। विक्रेता एकुमल रियलटीज प्रा.लि. इंदौर, पिन 1002949206, झोन क्र. 01। विक्रयपत्र अनुसार इस जाहिर सूचना प्रकाशन 05.11.2026 से 15 दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 01 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

झोनल अधिकारी व सहायक राजस्व अधिकारी, झोन क्रमांक 01 नगर पालिका निगम इंदौर

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है। **क्रेता स्वाति चौधरी पति हर्षित लाड व अन्य। विक्रेता मे. गोल्ड सफायर डेवलपर्स** पिन क्र. 1004056359 झोन क्र. 07 वार्ड क्र. 34। पता 35, पैकि, डीएम ड्रीम सिटी, इंदौर। इस जाहिर सूचना प्रकाशन 05.11.2026 से 15 दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्र. 07 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी, अटल बिहारी वाजपेयी (स्कीम नं. 54) झोन क्रमांक 07 नगर पालिका निगम इंदौर

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है। **क्रेता श्रीमती दीप्ती पत्नि अमित पारीक। विक्रेता महेन्द्र सिंह पुत्र लाल सिंह** पिन क्र. 1000991300 झोन क्र. 07 वार्ड क्र. 34। पता 751, स्कीम नं. 114 पार्ट-1, इंदौर। इस जाहिर सूचना प्रकाशन 05.11.2026 से 15 दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्र. 07 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी, अटल बिहारी वाजपेयी (स्कीम नं. 54) झोन क्रमांक 07 नगर पालिका निगम इंदौर

त्योहारों और खेती-किसानी के सीजन पर सीएम का कड़ा रुख

मुख्यमंत्री की दो टूक-किसानों को खाद नहीं मिला तो कलेक्टर ही होंगे जिम्मेदार

मृदुभाषी। भोपाल



दीपावली के पर्व, किसानों की जरूरतों और प्रदेश में कानून व्यवस्था को लेकर मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कलेक्टर्स और पुलिस अधीक्षकों के साथ समत्व भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि पूरा प्रशासनिक अमला अलर्ट मोड पर रहे ताकि प्रदेशवासी हर्ष और आनंद के साथ दीपावली मना सकें और कहीं भी कोई असामाजिक घटना न हो। उन्होंने विशेष रूप से चेतावनी दी कि वर्तमान समय खेती-किसानी और खाद-उर्वरक की उपलब्धता का है, इसलिए किसी भी जिले में किसानों को खाद वितरण में समस्या नहीं आनी चाहिए। यदि कहीं भी किसानों को खाद की किल्लत या कठिनाई होती है, तो इसके लिए सीधे संबंधित जिले के कलेक्टर जिम्मेदार माने जाएंगे। इसके साथ ही उन्होंने बारिश से प्रभावित 12 जिलों में आनावारी के बाद जल्द सर्वे कराकर पात्र किसानों को राहत राशि बांटने के निर्देश दिए।

दीपावली बाजार को लेकर मुख्यमंत्री ने मानवीय और संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने कलेक्टर्स और एसपी को निर्देश दिए कि दीपावली के दौरान अवैध व प्रतिबंधित पटाखों और मानव स्वास्थ्य के लिए खतरनाक कार्बाइड गन या कार्बाइड लैंप के इस्तेमाल पर सख्त पाबंदी लगाई जाए। वहीं दूसरी ओर, त्योहार पर फल, फूल, दीये, बाती और झालर जैसी सामग्री बेचने वाले छोटे दुकानदारों को तहबाजारी (स्थानीय कर) से पूरी तरह छूट दी जाए और उन्हें किसी भी सूरत में परेशान न किया जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सलाह दी कि वे दीपावली के दिन अनाथालयों, वृद्धाश्रमों और गरीब बस्तियों में जाकर बच्चों व बुजुर्गों के साथ त्योहार की खुशियां बांटें। प्रदेश में अवैध और जहरीली शराब के निर्माण, परिवहन और बिक्री पर मुख्यमंत्री ने बेहद कठोर रुख अपनाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अवैध शराब बिक्री में चलने वाली एजेंटी, पैकारी और डायरी व्यवस्था जैसी व्यवस्थाओं को पूरी तरह ध्वस्त किया जाए। शराब के परिवहन में इस्तेमाल होने वाले वाहनों का फिजिकल वेरिफिकेशन हो और तय कीमत से अधिक पर शराब बेचने वालों पर शिकंजा कसा जाए। इसके साथ ही आबाद दुकानों से मदिरा के सैंपल लेकर लैब जांच कराई जाए। मादक पदार्थों के खिलाफ 'नशा मुक्त भारत अभियान' के तहत गांजा और अफीम की अवैध खेती रोकने, अवैध लैब्स को बंद करने, एनकॉर कमिटी की नियमित बैठकें करने और पीआईटी-एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराधियों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए। कलेक्टर्स को छात्रावासों को गोद लेकर विद्यार्थियों को गुटखा, तंबाकू व खैनी से दूर रखने हेतु प्रेरित करने को कहा गया। समीक्षा बैठक में मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल, अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई, अपर मुख्य सचिव गृह संजय कुमार शुक्ल, अपर मुख्य सचिव संस्कृति शिव शेखर शुक्ला, अपर मुख्य सचिव सह कृषि उत्पादन आयुक्त केसी गुप्ता, पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना, प्रमुख सचिव सुखबीर सिंह, प्रमुख सचिव सोनाली वायंगणकर और एडीजी अंशुमन यादव सहित कई वरिष्ठ प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

धनतेरस पर 100% रजिस्ट्री और 9 नवंबर को गोवर्धन पूजा का बड़ा आयोजनः मुख्यमंत्री ने ग्रामीण क्षेत्रों में प्लाट व मकान के कच्चे पट्टे धारकों को पक्की रजिस्ट्री देने के अभियान की समीक्षा करते हुए कलेक्टर्स को निर्देश दिए कि धनतेरस के दिन स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ गांवों में जाकर 'मुख्यमंत्री रजिस्ट्री योजना' (स्वामित्व रजिस्ट्री) के तहत शत-प्रतिशत रजिस्ट्री कराना सुनिश्चित करें। उत्कृष्ट कार्य करने वाले पटवारियों और तहसीलदारों को 26 जनवरी को सम्मानित किया जाएगा और उनकी सर्विस बुक में इसकी प्रविष्टि होगी। वहीं 9 नवंबर को पूरे प्रदेश और भोपाल में भव्य स्तर पर गोवर्धन पूजा आयोजित करने के निर्देश दिए गए। गौशालाओं में लाइव प्रसारण, बैलगाड़ी प्रतियोगिताएं और दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन कार्यक्रम आयोजित होंगे। इस अवसर पर 'गोपाल कृष्ण ग्राम पुरस्कार योजना' के विजेताओं को सम्मानित भी किया जाएगा।

मॉडल बहू त्विषा शर्मा संदिग्ध मौत मामला

हाईकोर्ट ने पूर्व जिला जज गिरिबाला सिंह की जमानत याचिका खारिज की

मृदुभाषी। भोपाल



मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने बहुचर्चित मॉडल बहू त्विषा शर्मा की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में आरोपी बनाई गईं भोपाल की पूर्व जिला एवं सत्र न्यायाधीश गिरिबाला सिंह की नियमित जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। हाईकोर्ट के जस्टिस अजय कुमार निरंकारी की एकलपीठ ने अपने आदेश में स्पष्ट किया है कि प्रकरण में आरोपी की संलिप्तता, कथित मानसिक प्रताड़ना और घटना से जुड़े विभिन्न पहलुओं की समग्र जांच बेहद आवश्यक है। अदालत ने अपराध की गंभीरता, लंबित तकनीकी साक्ष्यों की रिपोर्ट और आगे की जांच को आधार बनाते हुए यह फैसला सुनाया है।

घटनाक्रम के अनुसार, 12 मई को पूर्व जिला व सत्र न्यायाधीश गिरिबाला सिंह की मॉडल बहू ने घर में संदिग्ध हालात में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। इस मामले में पुलिस ने मृतका की सास और पति समर्थ सिंह के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया था। स्थानीय अदालत से राहत मिलने के बाद मामला हाईकोर्ट पहुंचा था, जहां अग्रिम जमानत निरस्त होने के बाद जांच सीबीआई को सौंपी गई थी। सीबीआई ने पूर्व जज और उनके बेटे को गिरफ्तार किया था। पूर्व न्यायाधीश की ओर से उम्र, बीमारियों और पांच महीने से न्यायिक हिरासत में होने का हवाला देते हुए जमानत की मांग की गई थी, जबकि सीबीआई और राज्य सरकार के वलकीलों ने विरोध करते हुए कहा कि आरोपी ने जांच में सहयोग नहीं किया और साक्ष्यों को प्रभावित कर सकती हैं। कोर्ट में सुनवाई के दौरान यह भी सामने आया कि सीबीआई जांच के तहत जब्त किए गए लैपटॉप, आईफोन के डेटा और सीसीटीवी रिकॉर्डिंग जैसी तकनीकी रिपोर्ट्स अभी प्राप्त होना बाकी हैं। एकलपीठ ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद गत 26 अक्टूबर को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था, जिसे अब जारी कर दिया गया है। हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि मृतका के व्हाट्सएप संदेश, सीसीटीवी फुटेज और घटना से पूर्व की परिस्थितियों की विस्तृत जांच जरूरी है, इसलिए फिलहाल राहत नहीं दी जा सकती।

भेड़ाघाट में हाईवा में 20 मीटर तक घिसटा बाइक सवार

जबलपुर में पुलिस आरक्षक समेत दो की सड़क हादसों में दर्दनाक मौत

जबलपुर। जबलपुर जिले में बुधवार का दिन रफ्तार के कहर के नाम रहा, जहां दो अलग-अलग भीषण सड़क हादसों में ड्यूटी पर जा रहे एक पुलिस आरक्षक समेत दो लोगों की अकाल मौत हो गई। पहली दर्दनाक घटना बरेला थाना क्षेत्र में घटी, जहां तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक सवार पुलिस जवान को जोरदार टक्कर मार दी। वहीं दूसरी घटना भेड़ाघाट चौराहे पर सामने आई, जहां रेत से भरे बेकाबू हाईवा ने एक बाइक सवार को कुचल दिया, जिससे वह वाहन में फंसकर कई मीटर तक घिसटता चला गया। पुलिस ने दोनों मामलों में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनु बेनीवाल से प्राप्त जानकारी के अनुसार, सिविल लाइन थाने में पदस्थ आरक्षक अनिल मरावी बुधवार को अपनी बाइक से बरेला की ओर से अपनी ड्यूटी ज्वाइन करने आ रहे थे। इसी दौरान बरेला रोड पर स्थित कान्हा ढाबे के पास सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार और अनियंत्रित पिकअप वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण दुर्घटना में आरक्षक गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े और मौके पर ही उन्होंने दम तोड़ दिया। हादसे को अंजाम देने के बाद पिकअप चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया और फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है। दूसरी दिल दहला देने वाली घटना बुधवार सुबह भेड़ाघाट चौराहे पर घटी। थाना प्रभारी कमलेश चौरिया के मुताबिक, ग्राम सिहोदा निवासी 50 वर्षीय सुखदेव केवट अपनी बाइक से भेड़ाघाट चौराहे से होकर गुजर रहे थे।

41 हजार करोड़ की संपत्ति का विवाद फिर कोर्ट में



मृदुभाषी। ग्वालियर

ऐतिहासिक सिंधिया राजघराने की लगभग 41 हजार करोड़ रुपये से अधिक की अचल संपत्ति को लेकर चला आ रहा पारिवारिक विवाद एक बार फिर कानूनी पेचीदगियों में उलझ गया है। जिस समझौता प्रस्ताव के आधार पर इस हाई-प्रोफाइल मामले के निपटारे की उम्मीद जताई जा रही थी, अब उसी राजीनामे पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की रिश्तेदार प्रतिमा राणा ने समझौते में धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए अदालत के समक्ष अपनी कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है।

मामले के अनुसार, 4 नवंबर को अतिरिक्त सत्र न्यायालय (एडीजे) में इस प्रकरण की बेहद अहम सुनवाई होनी थी। इस दौरान प्रतिमा राणा के बयान दर्ज किए जाने थे और उन्हें अपने दावों के समर्थन में सबूत पेश करने का मौका मिलना था, लेकिन उनके कोर्ट में उपस्थित न होने के कारण सुनवाई आगे के लिए टल गई। प्रतिमा राणा का गंभीर आरोप है कि उनसे धोखे से समझौता पत्र पर हस्ताक्षर करवाए गए हैं। उन्होंने इस कथित धोखाधड़ी के लिए केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और अपनी मौसियों वसुंधरा राजे, यशोधरा राजे तथा उषा राजे पर आरोप लगाए हैं। फिलहाल अदालत ने उनकी आपत्ति को स्वीकार करते हुए अपना पक्ष रखने और साक्ष्य प्रस्तुत करने का अवसर दिया है। वहीं, दूसरी तरफ वसुंधरा राजे, यशोधरा राजे और उषा राजे ने अदालत में जवाब दाखिल कर इन आरोपों को खारिज किया है।

लोकभवन में दक्षिण भारतीय राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों का स्थापना दिवस समारोह संपन्न, राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने दी बधाई

'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' की संकल्पना

मृदुभाषी। भोपाल



भारत की सांस्कृतिक विविधता और राष्ट्रीय एकता को हमारी सबसे बड़ी पहचान बताते हुए राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि विभिन्न राज्यों की समृद्ध विरासत देश को वैश्विक स्तर पर विशिष्टता प्रदान करती है। अनेक भाषाओं, परंपराओं और संस्कृतियों के बावजूद हमारी राष्ट्रीय एकता पूरी तरह अक्षुण्ण है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' की संकल्पना की सराहना करते हुए इस भावना को भावी पीढ़ियों तक पहुंचाने में सभी की सक्रिय सहभागिता को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया है।

राज्यपाल पटेल बुधवार को लोकभवन के सांदीपनि सभागार में आंध्र प्रदेश, केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु, लक्षद्वीप, पुदुचेरी एवं अंडमान-निकोबार के स्थापना दिवस के संयुक्त समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने सभी संबंधित प्रदेशवासियों को उनके राज्यों के स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। समारोह में राज्यपाल के प्रमुख सचिव डॉ. नवनीत मोहन कोठारी सहित भोपाल में निवास करने वाले विभिन्न राज्यों के सामुदायिक संगठनों के पदाधिकारी एवं सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान तमिलनाडु के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर और अंडमान-निकोबार के उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा के वीडियो शुभकामना संदेश प्रसारित किए गए, साथ ही अंडमान-निकोबार एवं मध्य प्रदेश की गौरवगाथा पर आधारित एक लघु फिल्म भी दिखाई गई। अपने संबोधन में राज्यपाल पटेल ने कहा कि हमारी भाषाएं, पहनावे, खानपान और लोककलाओं की विविधता हमारी असीम सांस्कृतिक समृद्धि को दर्शाती है, जिसे राष्ट्रीय एकता और अखंडता आपस में पिरोकर रखती है। इस महान विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाना हम सबका दायित्व है। उन्होंने आह्वान किया कि सभी नागरिक अपनी पूरी प्रतिभा और सामर्थ्य के साथ मध्य प्रदेश की प्रगति में योगदान दें और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत 2047' के संकल्प को साकार करने के लिए 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' की भावना को अपने जीवन में आत्मसात करें। विभिन्न राज्यों की विशेषताओं का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि केरल शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं, आयुर्वेद और प्राकृतिक सुंदरता का प्रतीक है, तो वहीं कर्नाटक तकनीक, विज्ञान और अंतरिक्ष अनुसंधान का प्रमुख केंद्र है। आंध्र प्रदेश कृषि, समुद्री व्यापार और उद्यमशीलता की समृद्ध परंपरा वाला राज्य है, जबकि तमिलनाडु अपनी प्राचीन भाषा, मंदिर वास्तुकला और आधुनिक नवाचारों के लिए विशिष्ट स्थान रखता है। इसके अलावा लक्षद्वीप की प्राकृतिक सुंदरता, पुदुचेरी की शांत जीवनशैली और अंडमान-निकोबार का स्वतंत्रता संग्राम से जुड़ा गौरवशाली इतिहास व जनजातीय विरासत देश की अमूल्य थाती हैं।

नगर परिषद अध्यक्ष को वापस बुलाने मतदान



निवाड़ी। निवाड़ी जिले की जैरोन खालसा नगर परिषद अध्यक्ष कुसुम पस्तोर को पद से हटाने (रिकॉल) की प्रक्रिया के तहत बुधवार को स्थानीय निकायों के इतिहास में एक महत्वपूर्ण मतदान हुआ। अध्यक्ष को पद से वापस बुलाने के लिए आयोजित इस मतदान में नगर के 61.52 प्रतिशत मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक अपने मताधिकार का प्रयोग किया। अब चुनाव परिणाम और कुर्सी का फैसला 6 नवंबर को होने वाली मतगणना के बाद तय होगा कि कुसुम पस्तोर अध्यक्ष पद पर आसीन रहेंगी या उन्हें अपनी कुर्सी छोड़नी पड़ेगी। राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव दिनेश श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि मध्य प्रदेश नगरपालिका अधिनियम 1961 की धारा 47 के तहत इस रिकॉल प्रक्रिया का मतदान 4 नवंबर को शांतिपूर्ण ढंग से कराया गया। पूरा मामला वर्ष 2022 के आम चुनाव से शुरू हुआ था, जब कुसुम पस्तोर जैरोन खालसा नगर परिषद की अध्यक्ष चुनी गई थीं। हालांकि, बाद में नगर परिषद के कुल 15 निर्वाचित पार्षदों में से 12 पार्षदों ने लामबंद होकर अध्यक्ष को पद से वापस बुलाने का एक अविश्वास प्रस्ताव कलेक्टर निवाड़ी को सौंपा था। वैधानिक प्रक्रियाएं पूरी होने के बाद बुधवार को जनता की अदालत में मतदान संपन्न कराया गया।

नन्हे कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुतियों और 'साइबर युद्ध' नाटक ने मोहा मन

रैंकर्स इंटरनेशनल स्कूल का वार्षिकोत्सव 'नवसृजन'

मृदुभाषी। इंदौर



रचनात्मकता, प्रतिभा और नवाचार के अद्भुत संगम के बीच रैंकर्स इंटरनेशनल स्कूल का बहुप्रतीक्षित वार्षिकोत्सव 'नवसृजन' अत्यंत हर्षोल्लास एवं भव्यता के साथ आयोजित किया गया। विद्यार्थियों की रंगारंग और मनमोहक प्रस्तुतियों ने उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, जिससे संपूर्ण परिसर उत्साह और उमंग से सराबोर नजर आया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि वाणिज्यिक कर विभाग मध्य प्रदेश शासन के जीएसटी उप आयुक्त हरीश जैन तथा विशिष्ट अतिथि प्रख्यात मनोवैज्ञानिक, करियर काउंसलर एवं शिक्षाविद् डॉ. दीपक जैन ने पारंपरिक दीप प्रज्वलन कर किया। इस गरिमामय अवसर पर विद्यालय के चेयरपर्सन के. सी. शर्मा एवं कांता शर्मा, डायरेक्टर कपिल बिरथरे एवं अंजलि बिरथरे के साथ कमल शर्मा, वंदना शर्मा, नयन शर्मा, निधि शर्मा, राहुल बिरथरे और रितु बिरथरे की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत में मधुर स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। इसके बाद प्री-प्राइमरी के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने प्रकृति पर आधारित खूबसूरत प्रस्तुति देकर सभी का दिल जीत लिया। विद्यालय की प्राचार्या डॉ. ममता द्विवेदी ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए शैक्षणिक उपलब्धियों, सफलताओं और वर्षभर की गतिविधियों की जानकारी दी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा और आत्मविश्वास का शानदार प्रदर्शन किया। महिला सशक्तिकरण पर आधारित नृत्य ने नारी शक्ति, आत्मसम्मान और समानता का संदेश दिया। वहीं, पहलगाम आतंकी हमले पर केंद्रित एक भावनात्मक प्रस्तुति ने दर्शकों को झकझोरते हुए मानवता और शांति का संदेश दिया। कार्यक्रम का सबसे बड़ा आकर्षण हास्य नाटिका 'महिष्मती का साइबर युद्ध' रही। मनोरंजन से भरपूर इस नाटिका के माध्यम से दर्शकों को साइबर सुरक्षा, सोशल मीडिया के प्रति जागरूकता और डिजिटल माध्यमों के जिम्मेदार उपयोग का बेहद महत्वपूर्ण संदेश दिया गया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम का समापन एक भव्य ग्रैंड फिनाले के साथ हुआ, जिसमें विद्यालय के सभी शिक्षकगण और प्रशासनिक कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी एकजुटता और टीम भावना का परिचय दिया। अंत में हेड बॉय कबीर झाड़े और हेड गर्ल तेजस्विनी शर्मा ने सभी अतिथियों, प्रबंधकों, अभिभावकों और सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस पूरे आयोजन का कुशल समन्वय सांस्कृतिक प्रभारी आनंद वरनासिया के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।



सम्पादकीय

व्यावहारिक जीवन में भी नजर आए बदलाव

विश्व बैंक की निर्धनता एवं समानता संबंधी रिपोर्ट में यह कहा जा रहा है कि वर्ष 2011 से 2023 के बीच देश में करीब पचास करोड़ लोग गरीबी की रेखा से बाहर निकाले गए। इस रिपोर्ट में आगे कहा गया कि अत्यधिक निर्धन वर्ग के लोगों की संख्या में भी करीब पच्चीस फीसदी की कमी आई है। यह संख्या अब घटकर कुल आबादी की 2.6 फीसदी रह गई है। दावा किया जा रहा है कि निम्न मध्यम वर्ग के लोगों की तादाद में भारी कमी आ रही है। निस्संदेह, इन आंकड़ों को लेकर सरकारें अपनी पीठ थपथपा सकती हैं। कहा जा रहा है कि राजग सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की इसमें अहम भूमिका रही। लेकिन सवाल यह है कि ये आंकड़े कितने प्रामाणिक हैं और क्या विज्ञान-सम्मत तरीके से लिये गए हैं? अर्थशास्त्र में आंकड़ों को लेकर एक मशहूर उक्ति है- 'आंकड़े ऐसी कच्ची मिट्टी है, जिससे देवता और दैत्य दोनों बनाए जा सकते हैं।' यानी सरकारें उनका उपयोग अपनी सुविधा के अनुसार कर सकती हैं। हालांकि, गरीबी में कमी की यह शुरुआत संप्रग सरकार के समय के आंकड़ों के साथ की गई है। जिसकी समयावधि वर्ष 2011 से शुरू होती है। राजग सरकारों के कार्यकाल में जरूर अधिक समय को अध्ययन में शामिल किया गया है। जिसमें निर्धनता की आई कमी के कारणों में खपत में वृद्धि, रोजगार और खासकर महिलाओं के रोजगार में वृद्धि, सामाजिक कल्याण योजनाओं तथा खाद्य सब्सिडी जैसे कार्यक्रम को शामिल किया गया है। लंबे समय से देश राजनेताओं के गरीबी हटाओ के नारों व कार्यक्रमों का साक्षी रहा है। लेकिन उन कार्यक्रमों की सफलता इस बात पर निर्भर होती है कि गरीब कल्याण की योजनाओं का कितने कारगर ढंग से क्रियान्वयन हुआ। कितनी ईमानदारी से गरीब के हाथ में कल्याण योजनाओं की राशि पहुंची। बहरहाल, राजग सरकार का दावा है कि गरीबी रेखा के नीचे रहने वालों को इससे बाहर निकालने में जन-धन योजना,प्रधानमंत्री आवास योजना,घर-घर शौचालय, घर-घर नल व आयुष्मान योजना की बड़ी भूमिका रही है।

एक समय था कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने कहा था कि लोककल्याण के कार्य हेतु आवंटित हुए एक रुपये में से सिर्फ पंद्रह प्रतिशत ही जरूरतमंद के हाथ में पहुंचता है। हालांकि, न खाऊंगा और न खाने दूंगा के उद्घोष के बाद वास्तविक स्थिति में क्या बदलाव आया, यह अध्ययन का विषय होना चाहिए। हालांकि, विपक्षी नेता इस स्थिति के बावजूद मुफ्त खाद्यान्न वितरण कार्यक्रम की जरूरत को लेकर भी सवाल उठाते हैं। यह सुखद है कि देश में कुछ जनकल्याणकारी योजनाओं से लोगों को अपना जीवन स्तर सुधारने का अवसर मिला। लेकिन देश में अक्सर यह सवाल उठाया जाता रहा है कि जब भारत दुनिया में सबसे तेज गति से विकसित होती अर्थव्यवस्था है, तो लोगों के जीवन में व्यापक बदलाव क्यों नहीं आता? क्यों देश में अमीरी-गरीबी की खाई लगातार बढ़ती जा रही है? सही मायने में किसी देश में होने वाला विकास न केवल तर्कसंगत होना चाहिए, बल्कि न्यायसंगत भी होना चाहिए। वैसे यदि वास्तव में आंकड़ों के अनुसार देश में गरीबी में कमी आई है तो यह हमारे लिये उत्साहजनक स्थिति है। यह जानते हुए कि इस अवधि में हमने कोरोना का भयावह काला दौर देखा था। भारी संख्या में जनधन की हानि हुई, लेकिन अब ये अतीत की बातें बन चुकी हैं। बहरहाल, विश्व बैंक के आंकड़ों के आलोक में केंद्र सरकार को देश में गुणवत्ता वाले रोजगार के अवसरों में तुरंत वृद्धि करनी चाहिए। उसे महसूस करना चाहिए कि देश में युवा सड़कों पर क्यों हैं। उसके लिये अवसरों की कमी क्यों हो रही है? देश में आय की असमानता कैसे दूर होगी? निस्संदेह, भारत एक श्रमप्रधान देश है। देश की बड़ी आबादी सघन श्रमशक्ति वाले उद्योगों से जुड़ी है। ऐसे में जब पश्चिमी देशों में एआई केंद्रित उत्पादकता पर बल दिया जा रहा है।

महारैली की भीड़ ही नहीं मुद्दों को भी देखिए

विश्वनाथ सचदेव

मुद्दा महत्वपूर्ण होता है अथवा कोई मुद्दा उठाने वालों की संख्या? राजधानी दिल्ली में हुई विपक्ष की 'महारैली' के संदर्भ में यह सवाल उठाया जा रहा है। यह सही है कि कांग्रेस के नेतृत्व वाले गठबंधन 'इंडिया' ने दावा किया था कि 'लोकतंत्र बचाओ' वाले इस अभियान में देशभर से दस लाख नागरिक राजधानी में एकत्र होंगे। यह भी सही है कि सारी गणनाएं बता रही हैं कि उस दिन दिल्ली में देश भर से आने वालों की संख्या दस लाख नहीं थी। प्रदर्शन में शामिल होने वालों को किसी ने गिना नहीं, यह संभव भी नहीं होता। इस गणना के हमेशा अनुमान ही लगाए जाते हैं।

'महारैली' आयोजित करने वाले लाखों की उपस्थिति के अपने दावे पर अड़े हुए हैं और भाजपा के सारे नेता इस संख्या को सत्ताईस हजार से लेकर सत्तर हजार तक बताने में लगे हैं। प्रदर्शन करने वालों की संख्या कुछ भी हो, यह स्पष्ट दिख रहा है कि सत्तारूढ़ पक्ष इस 'भारी जमावड़े' से कुछ विचलित है। जिस तेजी से भाजपा के नेता देश भर में 'अराजकता हटाओ' की अपनी मुहिम में लग गए हैं, वह यह बताने के लिए पर्याप्त है कि 'लोकतंत्र बचाओ' का मुद्दा देश की राजनीति को कहीं गहरे तक प्रभावित कर रहा है।

महत्वपूर्ण यह नहीं है कि राजधानी में हुए इस प्रदर्शन में कितने हजार या कितने लाख लोग शामिल हुए थे, महत्वपूर्ण वह मुद्दा है जो प्रदर्शनकारी उठा रहे थे। मुद्दा कथित वोट चोरी का था और इस प्रदर्शन से विपक्ष इसे देशव्यापी जन-आंदोलन बनाने का प्रयास कर रहा था। इस प्रयास की सफलता का आकलन भी तत्काल संभव नहीं है, पर इतना अवश्य स्पष्ट हो गया है कि लोकतंत्र की रक्षा के नाम पर विपक्ष का चलाया जाने वाला यह अभियान जनता की चिंता का विषय बनने लगा है। सत्तारूढ़ पक्ष भले



ही कुछ भी कहता रहे, पर विपक्ष की राजनीतिक सक्रियता और कार्यकर्ताओं का जोश इसे बहुत हद तक सफल बता रहा है। सफल इस माने में कि आम मतदाता भी इस बारे में सोचने लगा है कि 'वोट चोरी' के आरोप में कहीं कुछ गंभीरता है। यह सही है कि ऐसी स्थितियों में तत्काल परिणाम सामने नहीं आते, पर ऐसे प्रयास आगे बढ़ने का रास्ता दिखाने लगते हैं।

विपक्ष ने अपने इस प्रयास को 'लोकतंत्र बचाओ' का नाम दिया है। उसका आरोप है कि सत्तारूढ़ पक्ष 'बेईमानी' से सत्ता में आया और बेईमानी से ही सत्ता में बना हुआ है। दूसरी तरफ भाजपा के नेतृत्व वाला सत्तारूढ़ पक्ष विपक्ष को अराजकतावादी कहकर यह बताना चाहता है कि मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग के बहाने विपक्ष सत्ता-परिवर्तन चाह रहा है और इसके लिए वह किसी भी सीमा तक जा सकता है। हालांकि इस सीमा को परिभाषित नहीं किया जा रहा, पर यह संकेत तो मिल ही रहा है कि राजनीति के इस खतरनाक खेल में राजनेता कुछ भी कह सकते हैं, कर सकते हैं।

विपक्ष की इस 'महारैली' से पहले सत्तारूढ़ पक्ष ने इस बात पर भी आपत्ति दर्ज की थी कि कांग्रेस उसी तारीख को यह आयोजन क्यों कर रही है, जब बयालीस साल पहले 1984 में राजधानी दिल्ली में सिख-विरोधी दंगे हुए थे। ज्ञातव्य है कि 31 अक्तूबर 1984 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या कर दी गई थी। इसके बाद देशभर में, विशेषकर दिल्ली में, बड़े पैमाने पर सिख-विरोधी हिंसा, आगजनी और कत्लेआम हुआ था। एक से तीन नवंबर तक सिखों के विरुद्ध यह हिंसा चलती रही थी। प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या और उसके बाद हुए सिख-विरोधी दंगे स्वतंत्र भारत के इतिहास का एक शर्मनाक काला अध्याय है। इस अध्याय को इसलिए तो याद रखना चाहिए कि फिर कभी ऐसा कांड देश में न हो, पर राजनीतिक लाभ उठाने के लिए उसे याद करना देश के घावों को फिर से हरा करना ही होगा। यह कहना कि कांग्रेस पार्टी ने जानबूझकर एक नवंबर को यह रैली रखी, घटिया राजनीति का ही एक उदाहरण है।

बहरहाल, विपक्ष का 'लोकतंत्र बचाओ' का नारा और सत्तारूढ़ पक्ष का 'अराजकता हटाओ' का नारा कुल मिलाकर एक-दूसरे के पूरक ही हैं। मतदाता सूचियों के लिए जिस तरह के आरोप लग रहे हैं, वे निश्चित रूप से चिंता का विषय हैं। देश के 19 करोड़ मतदाता मतदान के अधिकार से वंचित हो जाएं, यह बात किसी भी दृष्टि से उचित नहीं लगती। मतदाताओं का निधन हो जाना, स्थानांतरण कर जाना आदि तर्क गलत नहीं हैं, पर एक भी मतदाता का मतदान के अधिकार से वंचित हो जाना हमारी चुनाव-प्रणाली की कमी ही दर्शाता है। ऐसी हर कमी दूर होनी चाहिए।

धर्म-ज्योतिष

रमा एकादशी पर भगवान विष्णु की पूजा में अर्पित करें 5 फल

सनातन धर्म में भगवान विष्णु को समर्पित है एकादशी की तिथि। इस बार कल यानी 5 नवंबर 2026, गुरुवार को रमा एकादशी मनाई जा रही है। हिंदू पंचांग के अनुसार, जब एकादशी तिथि पर गुरुवार का संयोग बनता है, तो इसे बेहद शुभ माना जाता है। इस दिन भगवान विष्णु की पूजा करना व व्रत रखना शुभ माना जाता है। वहीं, रमा एकादशी का व्रत दीपावली के दौरान रखा जाता है, इसलिए इसका सबसे ज्यादा विशेष महत्व पाया जाता है। 5 नवंबर को आप पूजा-पाठ के साथ ही कुछ सरल उपाय कर सकते हैं। धार्मिक मान्यता के अनुसार, इस दिन कुछ उपाय करने से कुंडली में गुरु की स्थिति मजबूत हो जाती है और जीवन की बाधाएं दूर हो जाती है। आइए आपको रमा एकादशी के दिन किए जाने वाले उपायों के बारे में बताते हैं। रमा एकादशी दिन भगवान विष्णु की विधिवत रुप से पूजा करें। इसके साथ ही उन्हें पीले फलों का भोग अर्पित करें। धार्मिक मान्यता के अनुसार, ऐसा करने से भाग्य का उदय होता है। भगवान विष्णु की कृपा प्राप्त होती है।



समसामयिक

वैध-अवैध खनन से गंभीर पर्यावरणीय क्षति

सत्ताईस मार्च, 2025 को लोकसभा में हरिद्वार सांसद एवं उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने राज्य में अवैध नदी खनन तथा उससे जनजीवन और पारिस्थितिकी को हो रहे नुकसान का गंभीर मुद्दा उठाया था। वहीं, राज्य सरकार के सचिव का जवाब पर्यावरणीय दुष्प्रभावों पर मौन रहा और मुख्यतः इस तर्क पर केंद्रित रहा कि यदि अवैध खनन हो रहा होता, तो राज्य का खनन राजस्व कैसे बढ़ता?

उत्तराखंड में ही शराब की बिक्री से राज्य का राजस्व दिन दूना, रात चौगुना बढ़ रहा है, तो क्या इसका अर्थ यह है कि राज्य में अवैध शराब की तस्करी और निर्माण नहीं हो रहा है? देहरादून जिले में ही डोईवाला, विकासनगर, रायपुर और ऋषिकेश के क्षेत्रों में अवैध खनन हो रहा है। श्रीनगर और कोटद्वार से भी राजधानी तक अवैध खनन की जानकारी है। आज उत्तराखंड में नदियों से अवैध रेत-बजरी का खनन लगातार 'हिंसक' होता जा रहा है। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री विजय बहुगुणा का अपने कार्यकाल के दौरान एक



सार्वजनिक बयान था कि बिना पर्यावरणीय प्रभाव आकलन के किसी भी नदी में खनन गतिविधि नहीं होगी। तब ऐसा कहना सरकार की मजबूरी थी। नदी खनन को अधिकांशतः राजस्व का विषय भर मान लिया जाता है, जबकि यह वास्तव में पर्यावरण का विषय भी है। जहां तक नदी खनन के पारिस्थितिकीय प्रभावों की बात है, वे केवल अवैध खनन से ही नहीं, बल्कि वैध खनन से भी हो सकते हैं। इसीलिए आज उन मानदंडों को लेकर सार्वजनिक बहस होना भी जरूरी है, जिन्हें नदियों में खनन की अनुमति देने से पहले पर्यावरणीय प्रभाव आकलन के लिए सभी राज्यों में अनिवार्य किया जाना चाहिए।

नदियों में खनन का यथार्थ यही रहा है कि जितने खनन की अनुमति ली जाती है, उससे कई गुना अधिक खनन होता है। वैज्ञानिक जब नदियों में खनन के पर्यावरणीय प्रभावों का आकलन करते हैं तो वे यह भी देखते हैं कि नदियों में बहकर आने वाली मिट्टी, बजरी और पत्थरों की रासायनिक एवं खनिज संरचना क्या है। नदियां कई जगह धात्विक और आणविक खनिज भी बहाकर लाती हुई देखी गई हैं। नदी में रहते हुए इन खनिजों का वनस्पति, जल और जलीय जीवों की गुणवत्ता पर क्या असर पड़ता है? इनकी निकासी से क्या प्रभाव पड़ेगा? इन्हें खुले में किन सावधानियों के साथ रखा जाना चाहिए? नदी खनन के पारिस्थितिकीय प्रभाव आकलन में नदी के पार्श्ववर्ती क्षेत्रों में भूजल स्तर पर पड़ने वाले प्रभाव, किनारों के कटाव, नए भूस्खलन, भूधंसाव और भूक्षरण की आशंका वाले क्षेत्रों का भी उल्लेख होना चाहिए।

व्यापार

8वें केंद्रीय वेतन आयोग का एक साल पूरा

सिफारिशों, पेंशन बढ़ोतरी की अफवाहों के बीच जानिए क्या है जमीनी हकीकत

मृदुभाषी। नई दिल्ली

केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए गठित 8वें केंद्रीय वेतन आयोग के औपचारिक गठन को एक वर्ष पूरा हो गया है। वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग द्वारा 3 नवंबर 2025 को गठित इस आयोग को अपनी अंतिम रिपोर्ट सौंपने के लिए 18 महीने की समय-सीमा तय की गई है। सर्वोच्च न्यायालय की पूर्व न्यायाधीश जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में गठित इस तीन सदस्यीय आयोग में प्रोफेसर पुलक घोष (अंशकालिक सदस्य) और पंकज जैन (सदस्य-सचिव) शामिल हैं। आयोग की सिफारिशों के दायरे में केंद्रीय कर्मचारी, ऑल इंडिया सर्विसेज के अधिकारी,



सशस्त्र बल, केंद्र शासित प्रदेशों के कर्मचारी और निर्दिष्ट न्यायिक व नियामक निकायों के कर्मचारी तथा पेंशनभोगी आएंगे। नियम के अनुसार आयोग को मई 2027 तक अपनी अंतिम रिपोर्ट सरकार को सौंपनी होगी।


गठन के एक वर्ष के दौरान आयोग ने डेटा संग्रह और परामर्श प्रक्रिया को काफी तेजी से आगे बढ़ाया है। आयोग ने मायगॉव पोर्टल के जरिए 5 फरवरी 2026 से 31 मार्च 2026 तक 18 प्रश्नों वाली ऑनलाइन प्रश्नावली के माध्यम से सुझाव जुटाए। वहीं कर्मचारी संघों से 15 जून 2026 तक ऑनलाइन पोर्टल पर ज्ञापन स्वीकार किए गए। परामर्श बैठकों के सिलसिले में आयोग ने लद्दाख, लखनऊ, भुवनेश्वर, कोलकाता, दिल्ली, जयपुर, चेन्नई, पुदुचेरी, चंडीगढ़, बेंगलुरु और मुंबई जैसे प्रमुख शहरों का दौरा कर कर्मचारी यूनियनों से सीधा संवाद स्थापित किया है। इसके अतिरिक्त शोध कार्यों के लिए अप्रैल 2026 में जारी गाइडलाइंस को अगस्त 2026 में संशोधित कर कंसल्टेंट्स की प्रक्रिया भी पूरी की जा रही है। इस बीच सोशल मीडिया पर न्यूनतम वेतन और पेंशन में भारी बढ़ोतरी को लेकर कई दावे वायरल हो रहे हैं, जिसमें 25,000 की पेंशन बढ़कर 87,500 होने का दावा भी शामिल है। हालांकि, यह केवल कर्मचारी संगठनों द्वारा रखे गए 3.5 फिटमेंट फैक्टर के प्रस्ताव पर आधारित एक अनुमान है। कर्मचारी यूनियनों ने न्यूनतम बेसिक-पे को 69,000 करने और फिटमेंट फैक्टर को 3.83 तक बढ़ाने जैसी मांगें रखी हैं। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने 10 अगस्त 2026 को संसद में स्पष्ट किया था कि आयोग ने अभी अपनी सिफारिशें नहीं सौंपी हैं और फिटमेंट फैक्टर या लागू होने की तिथि पर अंतिम निर्णय आयोग की रिपोर्ट आने के बाद ही सरकार द्वारा लिया जाएगा। मई 2027 में रिपोर्ट मिलने के बाद कैबिनेट की मंजूरी और अधिसूचना के बाद ही नई दरें प्रभावी होंगी, इसलिए कर्मचारियों को केवल वित्त मंत्रालय और पीआईबी के आधिकारिक बयानों पर ही भरोसा करने की सलाह दी गई है।

दिल्ली में सोना 4,800 रुपये बढ़कर 1.46 लाख के पार

मृदुभाषी। नई दिल्ली

दिल्ली के सर्राफा बाजार में बुधवार को बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में जोरदार तेजी दर्ज की गई। स्थानीय स्तर पर त्योहारी खरीद में आई तेजी और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में आई मजबूती के दम पर दिल्ली में 99.9 फीसदी शुद्धता वाला सोना 4,800 रुपये की भारी बढ़त के साथ 1,46,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। वहीं, चांदी की कीमतों में भी जबरदस्त तेजी देखी गई और यह 9,000 रुपये की छलांग लगाकर 1,93,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई। ऑल इंडिया सर्राफा एसोसिएशन के अनुसार, मंगलवार को सोने का बंद भाव 1,41,800 रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी का भाव 1,84,000 रुपये प्रति किलोग्राम था।

विशेषज्ञों के अनुसार अंतरराष्ट्रीय बाजारों में हाजिर सोना तीन फीसदी



यानी 113.72 डॉलर उछलकर एक बार फिर 4,000 डॉलर के स्तर को पार करते हुए 4,043.93 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया। वहीं चांदी भी 4.5 फीसदी बढ़कर 52.03 डॉलर प्रति औंस दर्ज की गई। बाजार विश्लेषकों का कहना है कि अमेरिकी मध्यावधि चुनावों में डेमोक्रेट्स की जीत के बाद अमेरिकी डॉलर में आई कमजोरी से सर्राफा बाजार को मजबूत सहारा मिला है। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय बाजार में आए सुधार और घरेलू स्तर पर त्योहारी सीजन की खरीदारी से कीमतों को समर्थन मिला है, जिससे हाल ही में प्रॉफिट बुकिंग के कारण आई गिरावट के बाद खरीदारों और निवेशकों का रुझान एक बार फिर सर्राफा बाजार की ओर बढ़ा है।

चालू वित्त वर्ष में भारत का राजस्व 15 अरब डॉलर के स्तर पर रहने का अनुमान

मुंबई। भारत में बीते कुछ वर्षों में हीरों की बिक्री को बढ़ावा देने के लगातार प्रयासों के बीच रेटिंग एजेंसी क्रिसिल की एक ताजा रिपोर्ट सामने आई है। रिपोर्ट के अनुसार, चालू वित्त वर्ष में भारत के प्राकृतिक (नेचुरल) हीरा उद्योग का राजस्व 14.8 से 15.2 अरब डॉलर के बीच रहने का अनुमान है, जो बीते वित्त वर्ष के स्तर के लगभग बराबर ही है। हालांकि यह आंकड़ा वैश्विक स्तर पर मांग में असमान सुधार को दर्शाता है, लेकिन पिछले तीन वित्त वर्षों से लगातार दर्ज की जा रही गिरावट के रुझान की तुलना में अब उद्योग में स्थिरता के संकेत मिल रहे हैं। क्रिसिल रेटिंग्स की




रिपोर्ट के मुताबिक, इस वित्त वर्ष में प्राकृतिक हीरा उद्योग में बड़े पैमाने पर तेजी के बजाय राजस्व में मजबूती और स्थिरता देखने को मिलेगी। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निर्यात में आई कमजोरी की भरपाई घरेलू बाजार से मिल रही मजबूत मांग से हो रही है। दूसरी ओर, लैब में तैयार हीरों (एलजीडी) ने शुरुआती स्तर (एंट्री-लेवल) के आभूषण बाजार में ग्राहकों का रुझान बदला है, जबकि प्राकृतिक हीरों का आकर्षण प्रीमियम श्रेणी में पहले की तरह कायम है। मुनाफा दबाव में रहने और वर्किंग कैपिटल की अधिक आवश्यकता के बावजूद आपूर्ति नियंत्रण और बेहतर वित्तीय प्रबंधन से क्रेडिट प्रोफाइल स्थिर रहने की उम्मीद है। रिपोर्ट में बताया गया है कि वित्त वर्ष 2024 में कुल उद्योग राजस्व में घरेलू बाजार की हिस्सेदारी 15 प्रतिशत से भी कम थी, जो अब बढ़कर लगभग 25 प्रतिशत (एक-चौथाई) तक पहुंच गई है। इससे भारतीय हीरा उद्योग की कुछ चुनिंदा विदेशी बाजारों पर निर्भरता घटी है।

अमेरिकी चुनावों के रुझानों और अमेरिकी 'ब्लू स्वीप' के बीच हरे निशान पर बंद हुआ भारतीय शेयर बाजार

मृदुभाषी। नई दिल्ली

अमेरिकी मध्यावधि चुनावों के शुरुआती परिणामों और वैश्विक रुझानों के बीच बुधवार को भारतीय शेयर बाजार बढ़त के साथ हरे निशान पर बंद हुआ। अमेरिकी चुनावों में 'ब्लू स्वीप' के संकेतों के बीच डेमोक्रेटिक पार्टी द्वारा सीनेट और प्रतिनिधि सभा में बहुमत हासिल करने की खबरों का असर वैश्विक बाजारों के साथ-साथ घरेलू बाजार पर भी देखने को मिला। शुरुआती उतार-चढ़ाव से उबरते हुए भारतीय बाजार ने मजबूती दिखाई और सेंसेक्स 350 अंकों से अधिक की छलांग लगाकर 77,219.65 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 23,900 के मनोवैज्ञानिक स्तर को पार करते हुए 23,911.70 के स्तर पर बंद हुआ।

कारोबार के अंत में सेंसेक्स में 301.80 अंकों (0.39 फीसदी) की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि निफ्टी 100.86 अंक यानी 0.42 फीसदी के लाभ में रहा। व्यापक बाजारों में भी खरीदारी का दौर जारी रहा, जिससे निफ्टी स्मॉलकैप 250 और निफ्टी मिडकैप 100 सूचकांक में



0.75 फीसदी तक की तेजी दर्ज की गई। क्षेत्रीय सूचकांकों की बात करें तो निफ्टी रियल्टी इंडेक्स में सबसे अधिक 2 फीसदी की जोरदार बढ़त देखने को मिली। इसके अलावा निफ्टी एफएमसीजी और निफ्टी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स (उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुएं) शेयरों में भी 1 फीसदी से अधिक का लाभ दर्ज किया गया। हालांकि, इसके विपरीत रुझान दिखाते हुए निफ्टी आईटी सूचकांक लाल निशान पर फिसल गया। बाजार को ऊपर उठाने में मुख्य रूप से रियल्टी और मीडिया शेयरों की अहम भूमिका रही। इस बीच वैश्विक बाजारों में मिलाजुला रुख नजर आया। एशियाई बाजारों में हांगकांग का हैंग सेंग 1.3 फीसदी और शंघाई कंपोजिट 1.9 फीसदी की मजबूती के साथ ऊपर चढ़े, जबकि जापान का टॉपिक्स 0.9 फीसदी नीचे आया। यूरोपीय बाजारों में यूरो स्टॉक्स 50 वायदा 0.4 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुआ।

4 बीएलओ को नोटिस दो दिन में मांगा जवाब

नए मतदाताओं का नाम जोड़ने में की थी लापरवाही

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर



धार। मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने के काम में लापरवाही बरतने पर धार विधानसभा क्षेत्र के चार बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव रंजन मीना ने संबंधित बीएलओ से दो दिन के भीतर जवाब मांगा है। साथ ही चेतावनी दी है कि संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। नोटिस पाने वालों में मतदान केंद्र क्रमांक 59 के जितेंद्र ठाकुर, केंद्र क्रमांक 171 के बलवंत यादव, केंद्र क्रमांक 108 की भावना वर्मा और केंद्र क्रमांक 114 के अजय मंडलोई शामिल हैं। ये सभी विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 201-धार में बीएलओ के रूप में पदस्थ हैं।

दरअसल, निर्वाचन आयोग के निर्धारित कार्यक्रम के तहत पहली बार मतदाता बनने वाले पात्र युवाओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने की प्रक्रिया चल रही है। इसके लिए बीएलओ को अपने-अपने मतदान केंद्रों के क्षेत्रों में भ्रमण कर नए मतदाताओं की पहचान करने, उनसे संपर्क करने और जरूरी दस्तावेज लेकर बीएलओ एप पर आवेदन की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए गए थे।

न निर्देशों का पालन किया, न क्षेत्र में पहुंचे

जांच में सामने आया कि संबंधित बीएलओ ने निर्धारित समय में बीएलओ एप पर काम शुरू नहीं किया। इसके अलावा उन्होंने अपने क्षेत्र में भ्रमण कर पात्र युवाओं से संपर्क भी नहीं किया। निर्वाचन संबंधी काम में प्रगति नहीं होने पर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय की ओर से कई बार फोन और नोटिस के माध्यम से निर्देश दिए गए। वरिष्ठ अधिकारियों को भी इसकी जानकारी दी गई, लेकिन इसके बावजूद काम में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ।

दो दिन में देना होगा लिखित जवाब

निर्वाचन कार्य में गंभीर लापरवाही और वरिष्ठ अधिकारियों के निदेर्शों की अवहेलना मानते हुए कलेक्टर ने चारों बीएलओ को नोटिस जारी किए हैं। उनसे पूछा गया है कि मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1966 के तहत उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई क्यों न की जाए। सभी को नोटिस मिलने के दो दिन के भीतर उपस्थित होकर लिखित जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

दिवाली से पहले आभूण खरीदने की तैयारी में जुटे लोग, भावों में अस्थिरता का दौर

सोने-चांदी के भाव में हलचल, कभी तेजी तो कभी नरमी से असमंजस बना

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर



धार। दीपावली का त्योहार नजदीक आते ही सराफा बाजार में सोने और चांदी की कीमतों को लेकर हलचल तेज हो गई है। पुष्य नक्षत्र, धनतेरस और दीपावली से पहले सोने-चांदी के भाव में गिरावट के चलते सराफा बाजार में खरीदारी बढ़ने लगी है। लंबे समय से ऊंचे भाव के कारण खरीदारी टाल रहे ग्राहक अब अपने बजट के अनुसार गहने और चांदी के आभूषण खरीदने पहुंच रहे हैं।

त्योहारों के इस खास सीजन में कीमती धातुओं के भाव में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। कभी कीमतों में तेजी का रुख नजर आता है तो कभी भावों में नरमी खरीदारों को राहत देती दिखाई देती है। बाजार में बदलते भावों के बीच अब आम ग्राहकों से लेकर आभूषण खरीदने की तैयारी कर रहे परिवारों तक की नजरें सोने-चांदी की कीमतों पर टिक गई हैं। वहीं अभी 22 कैरेट सोने के भाव एक लाख 30 के लगभग हे तो 24 कैरेट एक लाख 43 हजार रु हे जो पहले एक लाख 50 हजार से ऊपर था वहीं चांदी एक लाख 80 से 90 हजार हे जो पहले 2 लाख 30 हजार रु थी। दीपावली भारतीय परंपरा में खरीदारी का बड़ा अवसर माना जाता है। इस दौरान धनतेरस पर सोना-चांदी खरीदने की विशेष परंपरा होने के कारण सराफा बाजार में ग्राहकों की आवाजाही बढ़ने की उम्मीद रहती है। कई परिवार इस मौके पर सोने के आभूषण, चांदी के सिक्के, बर्तन और पूजन सामग्री खरीदने की योजना बनाते हैं। ऐसे में कीमतों में कमी होने ग्राहकों के खरीदारी कर रहे हैं।

भाव घटने से ग्राहकों में खरीदारी का उत्साह

मयंक जैन ने बताया कि सोने-चांदी के भाव घटने से ग्राहकों में खरीदारी को लेकर उत्साह है। फसल आने के साथ लोगों के पास त्योहारों की तैयारी के लिए पैसा आ रहा है। पुष्य नक्षत्र, करवा चौथ, धनतेरस और दीपावली के लिए ग्राहक अभी से खरीदारी कर रहे हैं। आगे शादी-ब्याह का सीजन शुरू होने से भी कारोबार को गति मिलने की उम्मीद है।

भावों में बदलाव से खरीदारों की नजर बाजार पर

सोने-चांदी के दामों में लगातार बदलते रुख के चलते ग्राहक खरीदारी से पहले बाजार के भाव जानने में रुचि दिखा रहे हैं। जिन परिवारों में शादी-विवाह या अन्य मांगलिक आयोजन होने वाले हैं, वे भी कीमतों की स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। सोने के भाव में तेजी आने पर जहां खरीदारी का बजट बढ़ जाता है, वहीं कीमतों में गिरावट की संभावना ग्राहकों को खरीदारी के लिए अनुकूल समय का इंतजार कर खरीदी कर रहे हैं।

धनतेरस पर बढ़ सकती है बाजार में रौनक

दीपावली और धनतेरस को देखते हुए सराफा कारोबारियों को आगामी दिनों में बाजार में अच्छी ग्राहकी की उम्मीद है। परंपरागत रूप से इस अवसर पर चांदी के सिक्कों, लक्ष्मी-गणेश की प्रतिमाओं, बर्तनों और सोने के आभूषणों की मांग रहती है। अब बाजार की नजर इस बात पर है कि त्योहार के नजदीक आने के साथ कीमतों का रुख किस दिशा में रहता है और इसका खरीदारी पर कितना असर पड़ता है।

अंतरराष्ट्रीय बाजार से भी प्रभावित होते हैं भाव

सोने-चांदी की कीमतों में बदलाव के पीछे अंतरराष्ट्रीय बाजार की स्थिति, डॉलर की चाल, वैश्विक आर्थिक परिस्थितियां और निवेशकों की मांग जैसे कई कारक अहम भूमिका निभाते हैं। यही वजह है कि त्योहारों के दौरान भी कीमतों में उतार-चढ़ाव बना रहता है। फिलहाल खरीदारों के लिए सोने-चांदी के भाव में स्थिरता सबसे बड़ी राहत मानी जा रही है।

इन 2 बातों का ध्यान रखें

1. सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें:
हमेशा ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड (इक्र) का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। ये नंबर अल्फान्यूमेरिक यानी कुछ इस तरह से हो सकता है- अे4524। हॉलमार्किंग से पता चलता है कि सोना कितने कैरेट का है।

2. कीमत क्रॉस चेक करें:
सोने का सही वजन और खरीदने के दिन उसकी कीमत कई सोर्सेज (जैसे इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट) से क्रॉस चेक करें। सोने का भाव 24 कैरेट, 22 कैरेट और 18 कैरेट के हिसाब से अलग-अलग होता है।

एनएसजी कमांडो की जमीन पर दबंगों का कब्जा

जमीन बचाने दर-दर भटकने को मजबूर जवान

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर



डबरा। देश की सीमाओं और अतिसंवेदनशील सुरक्षा व्यवस्था में तैनात नेशनल सिक्योरिटी गार्ड (एनएसजी) के एक जांबाज जवान को अपनी ही पैतृक संपत्ति बचाने के लिए शासकीय दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। देश के दुश्मनों को धूल चटाने वाला जवान आज सिस्टम की लालफीताशाही और दबंगों के हौसलों के आगे लाचार नजर आ रहा है।

मामला डबरा तहसील के ग्राम बैरागढ़ का है। मानेसर (हरियाणा) में पदस्थ एनएसजी कमांडो रन सिंह भदौरिया की ग्राम बैरागढ़ स्थित सर्वे नंबर 198/2 की जमीन पर पिछले डेढ़ साल से स्थानीय दबंगों द्वारा नजर गड़ाई गई है। कमांडो का आरोप है कि गांव के ही वकील सिंह कुशवाह और उनके भाइयों ने उनकी जमीन के एक बड़े हिस्से पर जबरन तार फेंसिंग कर कब्जा कर लिया है।

पीएमओ तक लगाई गुहार पर बेअसर

भारत मां की सेवा में सीमा पर तैनात जवान ने अपनी जमीन बचाने के लिए न्याय का हर दरवाजा खटखटाया। कमांडो रन सिंह ने तहसीलदार, कलेक्टर, सीएम हेल्पलाइन और यहां तक कि प्रधानमंत्री कार्यालय तक में लिखित शिकायत दर्ज कराई। बावजूद इसके, निचले स्तर पर प्रशासनिक अमले की हीलाहवाली के चलते दबंगों के हौसले बुलंद हैं और जवान को न्याय के लिए भटकना पड़ रहा है।

छुट्टी लेकर न्याय मांगने एसडीएम दफ्तर पहुंचा

सरहद से छुट्टी लेकर घर आए जवान को जब कोई राहत मिलती न दिखी, तो वे स्वयं एसडीएम कार्यालय पहुंचे और उपमंडलाधिकारी के सामने अपना दुखड़ा सुनाया। मामले की गंभीरता को देखते हुए डबरा एसडीएम ने जवान को आश्वस्त किया है कि 10 दिवस के भीतर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।अब देखना यह होगा कि देश की रक्षा में रात-दिन एक करने वाले जवान को प्रशासन 10 दिनों में न्याय दिला पाता है या नहीं।

सुरक्षित बचपन को लेकर जगाई जागरुकता

सुरक्षित बचपन अभियान के तहत संस्कार लॉ कॉलेज में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर



अनूपपुर। मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निदेर्शानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनूपपुर श्रीमती माया विश्वलाल के मार्गदर्शन में सुरक्षित बचपन अभियान के अंतर्गत संस्कार लॉ कॉलेज अनूपपुर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। अभियान 1 से 6 नवंबर तक आयोजित किया जा रहा है। शिविर में जिला न्यायाधीश श्रीकृष्ण डागलिया द्वारा बच्चों के अधिकारों, संरक्षण से संबंधित प्रभावी विधिक प्रावधानों तथा पॉक्सो अधिनियम की जानकारी प्रदान की गई।

जिला न्यायाधीश श्रीमती विधि डागलिया द्वारा विद्यार्थियों को मानव तस्करी एवं वाणिज्यिक यौन शोषण पीड़ितों के लिए विधिक सेवाएं योजना, 2015 तथा नाबालिग बच्चों के मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं एवं उनके संरक्षण के लिए विधिक सेवाएं योजना, 2024 के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। उन्होंने बच्चों के संरक्षण एवं उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता के महत्व पर प्रकाश डाला।

विधिक सलाह एवं मध्यस्थता की दी जानकारी

इस अवसर पर जिला विधिक सहायता अधिकारी बृजेश पटेल द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की भूमिका, निःशुल्क विधिक सहायता, विधिक सलाह एवं मध्यस्थता के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही 12 दिसंबर 2026 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के बारे में भी बताया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य आनंद कुमार द्विवेदी, सहायक प्राध्यापक अनुराग पाल, पुष्पेंद्र कुमार पटेल, विद्यासागर माझी, केवल चंद गोस्वामी, श्रीमती गरिमा मिश्रा, श्रीमती सरिता चौरसिया सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

गोस्वामी समाज ने शराब माफिया का पुतला फूंका

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

रतलाम। देवास के खातेगांव टीआई दिलीपपुरी गोस्वामी की शराब माफियाओं द्वारा ट्रक से कुचलकर हत्या के विरोध में रतलाम में गोस्वामी समाज ने विरोध जताया। दशनाम दत्त सेना मध्यप्रदेश एवं गोस्वामी समाज के नेतृत्व में समाजजनों ने बुधवार दोपहर प्रदर्शन कर शराब माफियाओं का पुतला फूंका एवं शहीद दिलीपपुरी गोस्वामी को श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रदर्शन के दौरान समाजजनों ने हत्या के आरोपियों को फांसी देने, सीबीआई जांच कराने और प्रदेश में शराब माफियाओं के नेटवर्क को जड़ से खत्म करने की मांग उठाई।प्रदर्शन के पहले समाजजनों ने नारेबाजी करते हुए पैदल मार्च निकाला। मार्च कोर्ट चौराहे पहुंचा। महामंडलेश्वर स्वामी आनंदगिरिजी महाराज, दशनाम दत्त सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष ईश्वरपुरी गोस्वामी नागावाड़ी और महर्षि संजय शिवशंकर दवे की उपस्थिति में जिलाध्यक्ष संजयपुरी गोस्वामी एवं गोस्वामी समाज रतलाम मंडल के नेतृत्व में सभा हुई। यहां शहीद टीआई दिलीपपुरी को न्याय दिलाने और प्रदेश से माफिया तंत्र को हटाने के नारे लगाए गए। इसके बाद शराब माफियाओं के प्रतिकात्मक पुतले को जूते मारकर आग लगाई। महामंडलेश्वर स्वामी आनंदगिरिजी महाराज ने कहा कि समाज अपने एक लाड़ले सपूत की शहादत को व्यर्थ नहीं जाने देगा। सरकार को प्रदेश को नशामुक्त बनाने के लिए ठोस कदम उठाने होंगे और शराब माफियाओं पर कठोर कार्रवाई करनी होगी।

धौंसवास में शासकीय तालाब से पानी चोरी, दो मोटर की गईं जब्त

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर



रतलाम। सूखे का सामना कर रहे रतलाम जिले में जल स्त्रोतों के अवैध दोहन पर प्रशासन ने सख्त रुख अपना लिया है। जिले के ग्राम धौंसवास में सरकारी तालाब से अवैध रूप से मोटर लगाकर पानी निकालने का मामला उजागर हुआ है। मंगलवार रात कलेक्टर अजय कटेसरिया को शिकायत मिलते ही राजस्व और एमपीईबी की संयुक्त टीम ने मौके पर छापेमारी कर तालाब में लगी दो मोटरें जब्त कीं।

जानकारी के अनुसार, रतलाम जिले में इस वर्ष मानसून सीजन के दौरान सामान्य (918 मिमी) से करीब 23 इंच कम बारिश हुई है। कम बारिश के कारण नदी-तालाब सूखे पड़े हैं और शहर को पानी देने वाला धोलावड़ बांध भी पूरी तरह नहीं भर पाया है। आगामी भीषण जल संकट की आशंका को देखते हुए कलेक्टर ने शासकीय जल स्त्रोतों से पानी के अवैध दोहन पर तुरंत दंडात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इसी कड़ी में तहसीलदार आशीष उपाध्याय, नायब तहसीलदार देवेंद्र दानगढ़ और एमपीईबी के जेई राजकुमार राजावत की संयुक्त टीम ने धौंसवास गांव में दबिश दी। जांच के दौरान पाया गया कि धौंसवास निवासी भरत पिता कनीराम जाट और बाजेड़ा निवासी हरीराम पिता रामलाल गायरी बिना किसी वैध बिजली कनेक्शन के तालाब में मोटर लगाकर अपने खेतों की सिंचाई कर रहे थे।

जनसुनवाई व्यापारियों की शिकायत और गणमान्य नागरिकों की मांग पर निर्णय

मुख्य बाजार में नहीं होगी हिंगोट आतिशबाजी

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर



मंडलेश्वर। दीपावली पर्व पर नगर के मुख्य बाजार में वर्षों से चली आ रही आमने-सामने हिंगोट आतिशबाजी की परंपरा पर इस वर्ष प्रतिबंध लगा दिया गया है। मुख्य बाजार में होने वाली हिंगोट आतिशबाजी से दुकानदारों, राहगीरों और आम नागरिकों की जान-माल की सुरक्षा को लेकर हर वर्ष खतरा बना रहता था। इस संबंध में स्थानीय व्यापारियों द्वारा लगातार शिकायतें की जा रही थीं।

बुधवार को आयोजित शांति समिति की बैठक में व्यापारियों की इस समस्या को प्रमुखता से उठाया गया। बैठक में गणमान्य नागरिक हरिप्रसाद अग्रवाल, गणेश मामा पाटीदार एवं अन्य नागरिकों ने मुख्य बाजार में होने वाली हिंगोट आतिशबाजी पर रोक लगाने की मांग करते हुए जनसुरक्षा का मुद्दा उठाया। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी पंकज तिवारी ने मुख्य बाजार क्षेत्र में हिंगोट जलाने एवं आमने-सामने हिंगोट आतिशबाजी करने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध पुलिस प्रशासन द्वारा सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही बैठक में अन्य मुद्दों पर भी विचार विमर्श करते हुए जनहित में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

पार्किंग और यातायात व्यवस्था में होंगे बदलाव

बैठक में व्यापारी संघ अध्यक्ष अश्विन पाटीदार (गोलू मामा) ने दीपावली के दौरान बाजार में सुगम यातायात और पार्किंग व्यवस्था को लेकर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मुख्य बाजार में आने वाले ग्राहकों के वाहनों की पार्किंग के लिए स्कूल ग्राउंड में व्यवस्था की जाएगी। एमजी मार्ग सहित मुख्य बाजार में दुकानों के पास दोपहिया वाहनों की पार्किंग के लिए चूने से लाइन डलवाई जाएगी, ताकि वाहन निर्धारित स्थान पर ही खड़े हों और आवागमन बाधित न हो।

मुख्य बाजार में चार पहिया वाहनों के लिए वन-वे व्यवस्था

उन्होंने बताया कि मुख्य बाजार में चार पहिया वाहनों के लिए वन-वे व्यवस्था लागू रहेगी। वहीं दीपावली के त्योहार को देखते हुए लगातार तीन से चार दिनों तक बाजार क्षेत्र में ट्रांसपोर्ट वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा। इन व्यवस्थाओं का उद्देश्य बाजार में भीड़ को नियंत्रित करना और ग्राहकों सहित व्यापारियों को आवागमन में सुविधा उपलब्ध कराना है।

बैठक में ये रहे उपस्थित

शांति समिति की बैठक में थाना प्रभारी पंकज तिवारी, नगर परिषद अध्यक्ष विश्वदीप मोयडे, संजय कोलोसिया, गणमान्य नागरिक हरिप्रसाद अग्रवाल, गणेश मामा पाटीदार, पत्रकार एवं व्यापारी वीरेंद्र पाटीदार सहित अन्य व्यापारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। त्योहार के दौरान मुख्य बाजार में बड़ी संख्या में लोगों की आवाजाही को देखते हुए हिंगोट आतिशबाजी पर रोक के साथ पार्किंग और यातायात व्यवस्था में किए जा रहे बदलाव को महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। व्यापारी संघ ने सभी व्यापारियों और नागरिकों से प्रशासन के निदेर्शों का पालन करने तथा व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की है।

लोकतंत्र बचाओ,अराजकता हटाओ पदयात्रा में हुई आष्टा की भागीदारी

विधायक के नेतृत्व में बड़ी संख्या में शामिल हुए कार्यकर्ता

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर



आष्टा। मप्र भारतीय जनता पार्टी के आव्हान पर भोपाल में आयोजित लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओ अभियान के अंतर्गत आज आयोजित विशाल पदयात्रा में आष्टा की भी उल्लेखनीय भागीदारी दर्ज हुई। पदयात्रा में विधायक गोपालसिंह इंजीनियर के नेतृत्व में आष्टा विधानसभा क्षेत्र के सभी आठ मंडलों ,नपा आष्टा एवं नप जावर व कोठरी से हजारों कार्यकर्ता अनेकों बसों, कारों में सवार हो कर भोपाल पहुँचे और आयोजित लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ पदयात्रा में शामिल हुए । पदयात्रा प्रातः 10 बजे अटल पथ, प्लेटिनम प्लाजा, टीटी नगर से प्रारंभ होकर रोशनपुरा तक पहुंची। यहा केंद्रीय मंत्री एवं पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा,मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव,मप्र भाजपा के अध्यक्ष हेमन्त खंडेलवाल सहित अन्य वक्ताओं ने पूरे देश मे कांग्रेस सहित अन्य दल जो देश मे वोट चोरी के नाम पर भ्रम फैला रहे है,देश मे एक तरह से जो अराजकता का माहौल बना रहे है उससे देश के नागरिको से सतर्क रहने,एवं कांग्रेस द्वारा जो झूठ ओर भ्रम फैलाया जा रहा है,उसको लेकर देश की जनता को भी आगे आ कर जवाब देने का आव्हान किया गया । विधायक ने कहा कि लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओ पदयात्रा काफी सफल रही है। इसने साफ तौर पर एक संदेश दिया है कि कांग्रेस सहित तमाम विपक्षी दल देश में अराजकता फैला रहे है।

- सहज पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया दीपोत्सव पर्व, आरती कर लिया आशीर्वाद

मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम के आते ही जगमग हुई अयोध्या नगरी

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

शाजापुर। 14 बरसों के लंबे अंतराल के बाद जब प्रभु श्री राम अयोध्या पधारे तो चारों तरफ खुशी के दीप जगमगा रहे थे ओर उनकी विजय गाथा को धरती पर सजाया जा रहा था। यह नजारा था दुपाड़ा रोड स्थित सहज पब्लिक स्कूल का जहां बुधवार को दीपोत्सव पर्व मनाया गया।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय संचालिका आशा जैन ने विद्यार्थियों को दीपावली पर्व के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवन श्रीराम जी अपने पिता के एक आदेश पर राजपाट छोड़कर वनवास चले गए थे। यदि वह वनवास नहीं जाते और माता सीता का हरण नहीं होता तो रावण का अंत नहीं होता। इसलिए आप लोग भी अपने माता-पिता की हर बात का पालन किया करो। वे आपके लिए मेहनत करते हैं, दिन रात जुटे रहते हैं। उनका एक ही लक्ष्य है कि आपका जीवन खुशहाल बने। फिर इसके लिए उन्हें कुछ भी क्यों न



करना पड़े वो करते हैं। लेकिन आप लोगों को इस बात का एहसास नहीं होने देते।

बच्चों ने अपने हाथों से दीए, डेकोरेशन और थाली सजाई

कार्यक्रम को सह संचालिका पूर्वी जैन, प्राचार्य डॉ. अंकुर जैन ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर बच्चों ने अपने हाथों से दीए, डेकोरेशन और थाली सजाई। बच्चों की इस प्रतिभा को सभी ने सराहा और बच्चों द्वारा तैयार की गई सामग्री से ही विद्यालय को सजाया गया जिससे दीपावली की रौनक और बढ़ गई। इसके बाद सभी ने एक-दूसरे को पर्व की शुभकामनाएं दी। इस दौरान बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला।

सहज पेटल्स और किड्स जोन में भी पधारे प्रभु श्री राम

सहज पब्लिक किड्स जोन और पेटल्स में भी धूमधाम से पर्व मनाया गया। यहां बच्चों को प्रभु श्री राम और माता सीता के रूप में तैयार किया गया जिनके आगमन पर विद्यालय परिसर में पुष्पवर्षा कर दीपोत्सव पर्व मनाया गया। सबसे ज्यादा खुशी बच्चों में देखने को मिली जो नए कपड़ों में सज-धजकर विद्यालय पहुंचे और खूब धमाल मचाया। इसी प्रकार एबी रोड स्थित किड्स जोन में भी दीपोत्सव पर्व मनाया गया। यहां भी शिक्षिकाओं की मेहनत व बच्चों की सक्रियता से दीपोत्सव पर्व की रौनक और बढ़ गई।

कार्यक्रम में बच्चों ने धरा पर उकेरी अपनी कल्पना

एबी रोड स्थित किड्स जोन, दुपाड़ा रोड स्थित सहज पब्लिक स्कूल व सहज पेटल्स में रंगोली प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जहां बच्चों ने एक से बढ़कर एक रंगोली बनाकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। किसी ने देशभक्ति से ओतप्रोत रंगोली बनाई तो किसी ने देश की सांस्कृतिक धरोहर, पहचान और प्रसिद्धि को भी धरा पर उकेरते हुए अपनी कल्पना शक्ति का परिचय दिया।

विस्फोटक और आतिशबाजी की अवैध बिक्री पर कड़ी नजर

आतिशबाजी दुकानों का किया जा रहा है सघन निरीक्षण

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

खंडवा। प्रकाश पर्व दीपावली के दौरान जिले में सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए खंडवा पुलिस पूरी तरह मुस्तैद हो गई है। किसी भी अप्रिय घटना की रोकथाम और नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पुलिस अधीक्षक (एसपी) अगम जैन ने जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारियों (पुलिस) को कड़े निर्देश दिए हैं। एसपी के निदेर्शानुसार, क्षेत्र में विस्फोटक पदार्थों के भंडारण, अवैध आतिशबाजी के निर्माण और उसकी बिक्री पर विशेष निगरानी रखी जा रही है।

एसएसपी के आदेश के अनुपालन में उप पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) श्री दुर्गेश आर्मो, हरसूद एसडीओपी श्री महेश कुमार दुबे और मूंदी एसडीओपी श्रीमती दिव्या झारिया ने अपने-अपने अधिकार क्षेत्रों में स्थित विस्फोटक मैगजीन और गोदामों का औचक निरीक्षण किया। इस



दौरान अधिकारियों ने वहां सुरक्षा मानकों, अग्निशमन व्यवस्थाओं और नियमों का बारीकी से जायजा लिया तथा संबंधित संचालकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

विक्रय स्थलों की लगातार चेकिंग की जाएगी

पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आतिशबाजी के भंडारण और विक्रय स्थलों की लगातार चेकिंग की जाएगी ताकि सभी अनुमतियां और सुरक्षा नियम कायदे से लागू हों। इसके साथ ही, क्षेत्र में अवैध रूप से कार्बाइड गन के निर्माण व बिक्री तथा अन्य प्रतिबंधित विस्फोटक सामग्रियों की गतिविधियों पर खुफिया तंत्र को सक्रिय कर दिया गया है। अवैध मामलों में लिप्त पाए जाने पर सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस के अनुसार इस विशेष सतर्कता अभियान का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जिलेवासी हर्षोल्लास और सुरक्षित वातावरण में शांतिपूर्ण तरीके से दीपावली का त्योहार मना सकें। प्रशासन ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि वे सुरक्षा नियमों का पालन करें और किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

लोकतंत्र पर प्रहार करने वाले निकाल रहे यात्रा : उत्तमपाल

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

खंडवा। बुधवार को भाजपा द्वारा खंडवा में निकाली गई 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' यात्रा को लेकर जिला कांग्रेस



अध्यक्ष उत्तमपाल सिंह ने तीखा तंज कसा है। उन्होंने भाजपा की इस यात्रा को राजनीतिक विरोधाभास बताते हुए कहा कि देश और प्रदेश में भाजपा की सरकार होने के बावजूद भाजपा लोकतंत्र बचाने की बात कर रही है। यह अपने आप में हास्यास्पद और शर्मनाक है कि लोकतंत्र पर प्रहार करने के आरोपों से घिरी पार्टी आज लोकतंत्र बचाने के नारे लगा रही है।

उत्तमपाल सिंह ने कहा कि भाजपा को लोकतंत्र की चिंता करने से पहले अपने राजनीतिक आचरण पर विचार करना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने प्रदेशों में विपक्ष की चलती हुई सरकारों को गिराने का काम किया है। देश की संवैधानिक संस्थाओं पर दबाव बनाकर अपनी मर्जी के फैसले करवाए जा रहे हैं। लोकतंत्र को मजबूत करने वाली संस्थाओं की स्वतंत्रता और निष्पक्षता पर लगातार सवाल खड़े हो रहे हैं।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि चुनाव आयोग स्वतंत्र रूप से अपने निर्णय नहीं ले पा रहा है। भाजपा के दबाव के चलते चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता प्रभावित हुई है। उन्होंने कहा कि जब संवैधानिक संस्थाओं की निष्पक्षता पर सवाल उठ रहे हों, विपक्ष की आवाज को दबाने के प्रयास हो रहे हों और राजनीतिक विरोधियों को कमजोर करने की कोशिश की जा रही हो, तब लोकतंत्र बचाने की बात करना भाजपा की दोहरी राजनीति को उजागर करता है उत्तमपाल सिंह ने कहा कि राहुल गांधी लगातार लोकतंत्र, चुनावी पारदर्शिता और संवैधानिक संस्थाओं की स्वतंत्रता को लेकर सवाल उठा रहे हैं।

एसपी पुनीत गेहलोद को मां चामुंडा सेवा समिति ने दी भावभीनी विदाई

जीवन में आई चुनौतियां हमें आगे बढ़ने के लिए अवसर प्रदान करती है : प्रेमलता दीदी

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

देवास। मां चामुंडा सेवा समिति द्वारा एसपी पुनीत गेहलोद के स्थानांतरण होने पर ब्रह्माकुमारी प्रेमलता दीदी, संत पूणार्नंद महाराज के सानिध्य में एवं नवागत पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा के मुख्य आतिथ्य में भावभीनी विदाई दी गई। समिति संयोजक रामेश्वर जलोदिया के नेतृत्व में एसपी पुनीत गेहलोद का शाल, श्रीफल, चुन्नी पुष्पमालाओं से स्वागत कर भावभीनी विदाई दी गई।

इस दौरान ब्रह्माकुमारी प्रेमलता दीदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज का यह दिन हमारे लिए भावनाओं से भरा हुआ दिन है। हम सभी पुलिस अधीक्षक गेहलोद को विदाई देने के लिए यहां एकत्रित हुए हैं। यह पल खुशी और उदासी दोनों का संगम है। खुशी इसलिए कि गेहलोद जीवन के नए अध्याय की ओर बढ़ रहे हैं और उदासी इसलिए कि आपकी कमी देवास वासियों को हमेशा महसूस होगी। कुछ अपवादों को छोड़ दिया जाए, तो अपने अच्छे व्यवहार, कार्यकुशलता और अनुशासन के साथ कार्य कर देवास को गौरवन्वित किया है। आपकी मेहनत लगन और आत्मविश्वास



हम सभी के लिए प्रेरणादाई है। आप जहां भी जाए जीवन में ऊंचाइयों को प्राप्त करेंगे। जीवन में आई चुनौतियां हमें आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करती है। चुनौतियों को आप सफलता में बदल देंगे ऐसा दृढ़ विश्वास है। ईश्वर आपको सदैव सफलता की ऊंचाइयां प्रदान करें।

जहरीली शराब से मृत लोगों को एवं शहीद टीआई को नमन

इस दौरान संत महात्माओं की उपस्थिति में चंदाना में जहरीली शराब से मृत लोगों को एवं खातेगांव टीआई दिलीप पुरी के शहीद होने पर उन्हें नमन किया गया। इस अवसर पर मां चामुंडा सेवा समिति पदाधिकारी रामेश्वर जलोदिया, उमेदसिंह राठौड़, नारायण व्यास, दिनेश सांवलिया, शशिकांत गुप्ता, राधेश्याम पडियार, अवधेश तिवारी, अभिषेक अवस्थी, राजेश गोस्वामी, कमल चावला, सुशील शिंदे, राधेश्याम बोडाना आदि सहित अनेकजन उपस्थित थे। संचालन रामेश्वर जलोदिया ने किया। आभार उम्मेदसिंह राठौड़ ने माना।

खाद्य प्रतिष्ठानों का किया निरीक्षण, नमूने भी लिए

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

राजगढ़। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन में जिले में खाद्य प्रतिष्ठानों के निरीक्षण एवं खाद्य पदार्थों के नमूना संग्रहण की कार्यवाही निरंतर की जा रही है। इसी क्रम में गत दिवस को खाद्य सुरक्षा अधिकारी एस.एस. खत्री द्वारा माचलपुर स्थित विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान लक्ष्मी रेस्टोरेंट, बस स्टैंड माचलपुर से मावा, मावा लड्डू एवं मावा बर्फी तथा महाकाल होटल एंड रेस्टोरेंट, पोलखेड़ा चौराहा माचलपुर से मावा, मावा पेड़ा एवं मावा बर्फी के अलग-अलग नमूने लिए गए। मौके पर मावा का प्राथमिक परीक्षण भी किया गया। लिए गए नमूनों को जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा जाएगा। जांच प्रतिवेदन प्राप्त होने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान खाद्य प्रतिष्ठानों में स्वच्छता, खाद्य पदार्थों के सुरक्षित भंडारण, खाद्य अनुज्ञप्ति तथा खाद्य सुरक्षा मानकों के पालन की भी जांच की गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी खत्री द्वारा संबंधित प्रतिष्ठान संचालकों को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करने तथा उपभोक्ताओं को सुरक्षित एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए। खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से खाद्य प्रतिष्ठानों के निरीक्षण एवं नमूना संग्रहण की कार्यवाही आगे भी नियमित रूप से जारी रखी जाएगी।



कांग्रेसियों ने मनाई पूर्व विधायक की जयंती

कांटाफोड़। नगर मे कांग्रेसियों ने बुधवार को होलानी निवास पर पूर्व विधायक एवं प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष स्वर्गीय श्याम होलानी की जन्म जयंती मनाई। होलानी निवास पर उद्योगपति राजेश होलानी एवं कांग्रेस पदाधिकारियों ने पूर्व विधायक श्याम होलानी के चित्र पर माल्यार्पण किया। राजेश होलानी ने कांग्रेसीयो के प्रति कृतज्ञता जताते हुए कहा की आप सभी का साथ और सहयोग हमेशा इसी तरह मिलता रहेगा तो हम कांग्रेस पार्टी का परचम लहराते रहेंगे। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष कैलाश अमोदिया, राजाराम यादव उपस्थित रहे।

कार्यकर्ताओं की मेहनत से मिलती है नेतृत्व को ऊर्जा : नागर

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

शाजापुर। चाल, चरित्र और चेहरा भारतीय जनता पार्टी की पहचान है। जिसका हर कार्यकर्ता निःस्वार्थ भाव से हर आयोजन और चुनाव में खुद को साबित करता है। आप लोगों की मेहनत से शीर्ष नेतृत्व को ऊर्जा मिलती है और आपकी ही मेहनत से आज भारतीय जनता पार्टी शीर्ष पर बनी हुई है।

यह बात भाजपा नगर मंडल



अध्यक्ष पं. आशीष नागर ने बुधवार को भाजपा कार्यलय पर आयोजित नगर मंडल की बैठक को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि पार्टी का कोई भी कार्यकर्ता छोटा या बड़ा नहीं है। हम सभी का एक ही दायित्व है पार्टी के हर कार्य को निःस्वार्थ भाव से सफल बनाना और अपनी उपस्थिति दर्ज कराना। बैठक को मुख्य अतिथि के रूप में जिला उपाध्यक्ष शीतल भावसार ने भी संबोधित किया। साथ ही मंच पर जिला कोषाध्यक्ष किरण ठाकुर, मनोहर विश्वकर्मा, भूपेंद्र मेंढ़ा, सोशल मीडिया प्रभारी सोनू सोलंकी, महेश भावसार, संजय नागर, नगर महामंत्री गोविंद नायक, नगर महामंत्री विकास सिंदल, पं. गोविंद शर्मा उपस्थित थे। नगर मंडल अध्यक्ष पं. आशीष नागर ने बताया कि कर्नाटक के पूर्व राज्यपाल व पूर्व सांसद 12 नवंबर को हम सभी के बीच में रहेंगे। इस दिन उनका स्वागत भी किया जाएगा। साथ ही विधानसभा स्तरीय दीपावली मिलन समारोह का भी आयोजन किया जाएगा।

कलेक्टर ने पचेटी में उर्वरक वितरण केंद्रों का किया निरीक्षण

किसानों को समय पर उर्वरक उपलब्ध कराएं

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

आगर-मालवा। कलेक्टर डॉ. शेर सिंह मीना ने बुधवार को ग्राम पचेटी भ्रमण के दौरान प्राथमिक कृषि सहकारी साख समिति द्वारा संचालित उर्वरक वितरण केंद्र का निरीक्षण किया और किसानों से चर्चा कर उर्वरक की उपलब्धता एवं वितरण की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने उर्वरक के पूर्व का स्टॉक एवं वितरण की मात्रा की जानकारी ली। समिति के 300 से अधिक नए सदस्यों का अनुमोदन जिला केंद्रीय सहकारी बैंक शाजापुर से प्राप्त कर सभी नए सदस्यों को सोसायटी से उर्वरक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उपसंचालक कृषि को जिला केंद्रीय सहकारी बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी से चर्चा कर नए सदस्यों की सूची का तत्काल अनुमोदन प्राप्त कर उन्हें उर्वरक प्रदान करवाने हेतु निर्देशित किया गया।

भ्रमण के दौरान कलेक्टर डॉ. मीना ने पचेटी में बाड़ी माताजी मंदिर में दर्शन कर जिलेवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली



के लिए प्रार्थना की। सरपंच श्री नटवर सिंह गुर्जर ने कलेक्टर को बाड़ी माताजी की तस्वीर भेंट की। कलेक्टर ने श्रद्धालुओं एवं पुजारी से चर्चा कर मंदिर के इतिहास, प्रबंध, श्रद्धालुओं की सुविधाओं, महत्व, मान्यता, परंपरा एवं आस्था के बारे में विस्तार से जानकारी ली। इसके पश्चात कलेक्टर ने ग्राम पचेटी में टिल्लर डैम का निरीक्षण कर जल भराव की स्थिति का जायजा लिया तथा किसानों की आवश्यकता अनुसार रबी सिंचाई के लिए डैम से पानी छोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने एमपीआईडीसी द्वारा टिल्लर डैम से औद्योगिक क्षेत्र के लिए पानी लेने हेतु पाइप लाइन डालने के कार्य एवं इंटेकवेल निर्माण कार्य का अवलोकन कर अधिकारियों को इंटेकवेल निर्माण कार्य तेजी से पूरा करवाने के निर्देश दिए।

औषधीय फसलों की खेती का किया अवलोकन

कलेक्टर डॉ. मीना ने ग्राम हामलाखेड़ी में किसान दिलीप सिंह पंवार द्वारा जैविक उत्पाद तैयार करने एवं उनके वितरण तथा उनके द्वारा की जा रही चिरायता, अश्वगंधा, सहजना, अरंडी, कालमेघ जैसी औषधीय फसलों की खेती का अवलोकन किया। किसान ने बताया कि वह जैविक उत्पाद बेचकर प्रतिवर्ष लगभग 3 लाख रुपये की अतिरिक्त आय प्राप्त कर रहे हैं। कलेक्टर ने औद्योगिक क्षेत्र में मेक्कैन उद्योग के लिए चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। एमपीआईडीसी अधिकारियों ने बताया कि टिल्लर डैम से पानी की उपलब्धता हेतु औद्योगिक क्षेत्र तक पाइपलाइन डालने का कार्य पूर्ण हो गया है एवं टंकी का निर्माण किया जा रहा है। कलेक्टर ने एमपीआईडीसी अधिकारियों को मानव संसाधन एवं उपकरण बढ़ाकर कार्य तेजी से पूर्ण करवाने तथा मेक्कैन उद्योग स्थापना में हर संभव सहयोग प्रदान करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पशु प्रजनन केंद्र का निरीक्षण कर पशु प्रजनन एवं नस्ल सुधार गतिविधियों, उपलब्ध सुविधाओं, चारागाह विकास, पशु चारे की उपलब्धता, चारा बीड़ का रकबा तथा आश्रयदाता गोवंश, भैंस एवं दुधारू पशुओं के बारे में जानकारी ली एवं उपसंचालक पशुपालन को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने ग्राम घुराश्या में शासकीय उचित मूल्य राशन दुकान का निरीक्षण कर उपलब्ध खाद्यान्न समाग्री के स्टॉक का अवलोकन किया।

शारदा देवी ठाकुरिया का हुआ निधन

अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में शामिल हुए नागरिक, नम आँखों से विदाई

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

नलखेड़ा। जैन समाज नलखेड़ा की वरिष्ठ धर्मनिष्ठ सुश्राविका तथा श्री पार्श्व कुशल सूरि दादावाड़ी ट्रस्ट मंडल के पूर्व अध्यक्ष तथा श्वेताम्बर जैन मूर्ति पूजक संघ के वरिष्ठ स्वर्गीय मानकचंदजी ठाकुरिया की धर्मपत्नी शारदादेवी ठाकुरिया का गत रात्रि को अरिहंत शरणं हो गया। श्रीमती ठाकुरिया अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़कर गई है। उनकी अंतिम यात्रा मंगलवार को प्रातः 11 बजे उनके स्वनिवास, चौक बाजार से निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में नगरवासियों तथा समाजजनों, रिश्तेदारों ने भाग लेकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

नगर के प्रतिष्ठित ठाकुरिया परिवार तथा जैन समाज की वरिष्ठ शारदा देवी ठाकुरिया प्रतिष्ठित किराना व्यापारी महेश कुमार, दिलीप कुमार की



माताजी तथा गौरव (लक्की), सनी एवं हनी ठाकुरिया की पूज्य दादी साहब, प्रणक्ष, वेदविक, धैर्य की पड़दादी जी थी। साथ ही शुजालपुर मंडी के प्रतिष्ठित ओस्तवाल परिवार की बेटी तथा स्वर्गीय सौभाग्यमल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष स्वर्गीय बागमल ओस्तवाल, कांतिलाल सुरेश चंद ओस्तवाल की बहन थी।

अंतिम समय तक नवकार महामंत्र का ध्यान किया

शारदा देवी ने 92 वर्ष की लंबी उम्र में अंतिम समय तक नवकार महामंत्र का ध्यान करते हुए अपना जीवन धर्म आराधना करते हुए पूरा किया। यहीं नहीं उन्होंने जब तक शरीर ने साथ दिया वह प्रतिदिन मंदिर में भी परमात्मा की पूजा अर्चना व सामायिक प्रतिक्रमण करने लिए जाती थी।

शारदा देवी के जीवन पर डाला गया प्रकाश

मुक्तिधाम पर उनके पुत्रों तथा परिवार जनों द्वारा मुखाग्नि दी गई। इस दौरान भाजपा के मंदसौर जिला प्रभारी दिलीप सकलेचा, वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक लोढ़ा, कुशल मुणोत, दादावाड़ी ट्रस्ट मंडल अध्यक्ष जयंत धूपिया, जैन श्वेताम्बर समाज ट्रस्ट मंडल के उपाध्यक्ष मनोज बडेरा,रवि सकलेचा ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए। साथ ही उनके जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही है।

बदमाशों ने छात्र को अर्धनग्न कर बेल्ट और डंडों से पीटा

वीडियो किया वायरल; चारों आरोपी गिरफ्तार

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

उज्जैन । जिले की तराना तहसील के कनार्दी गांव से एक बेहद शर्मनाक और सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां 12वीं कक्षा के एक छात्र को केवल इसलिए बेरहमी से पीटा गया, क्योंकि उसने अपनी सहपाठी छात्रा को अपना मोबाइल नंबर दे दिया था। आरोपियों ने न सिर्फ छात्र के साथ अमानवीय हरकत की, बल्कि मारपीट का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर भी अपलोड कर दिया। इस घटना के बाद से इलाके में आक्रोश का माहौल है।

पीड़ित छात्र अपने ही गांव के सरकारी स्कूल में 12वीं कक्षा में पढ़ता है। उसी गांव की एक छात्रा भी उसके साथ बस से स्कूल आती-जाती है। जानकारी के अनुसार, बस में सफर के दौरान छात्रा ने छात्र से उसका मोबाइल नंबर मांगा था, जिस पर छात्र ने उसे अपना नंबर दे दिया था। इसके बाद छात्रा ने उसके व्हाट्सएप पर दो बार मिस्ड कॉल भी किए थे। इसी बात से नाराज होकर इलाके के कुछ युवक छात्र से रंजिश रखने लगे।

बहला-फुसलाकर श्मशान घाट ले गए आरोपी

घटना 1 नवंबर की शाम करीब 7 बजे की है। पीड़ित छात्र जब अपने घर के बाहर खड़ा था, तभी तौफीक खान और शोएब शाह बाइक पर वहां पहुंचे और उसे किसी काम का बहाना बनाकर अपने साथ चलने को कहा। आरोपी उसे कनार्दी गांव के श्मशान घाट के पास ले गए, जहां उनके दो अन्य साथी अल्फेज शाह और वकील खान पहले से ही घात लगाकर मौजूद थे।

अर्धनग्न कर की बर्बरता, वीडियो किया वायरल

श्मशान के पास पहुंचते ही चारों आरोपियों ने छात्र को घेर लिया और उसके कपड़े उतरवाकर उसे अर्धनग्न कर दिया। इसके बाद बदमाशों ने बेल्ट और डंडों से उसकी ताबड़तोड़ पिटाई की। आरोपियों की दरिंदगी यहीं नहीं रुकी; उन्होंने अपनी धौंस जमाने और दहशत फैलाने के लिए इस पूरी घटना का वीडियो अपने मोबाइल से रिकॉर्ड किया और बाद में इसे इंस्टाग्राम पर रील के रूप में अपलोड कर दिया। जाते-जाते आरोपियों ने छात्र को धमकी दी कि यदि उसने दोबारा किसी लड़की को नंबर दिया या पुलिस में शिकायत की, तो उसे जान से मार दिया जाएगा।

डरे-सहमे पीड़ित छात्र ने घर पहुंचकर अपने पिता को सुनाई आपबीती

सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने और तूल पकड़ने के बाद डरे-सहमे पीड़ित छात्र ने हिम्मत जुटाई और घर पहुंचकर अपने पिता को पूरी आपबीती बताई। इसके बाद परिजन छात्र को लेकर तराना थाने पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई। मामले की गंभीरता को देखते हुए तराना थाना पुलिस ने तुरंत संज्ञान लिया और भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए नामजद चारों आरोपियों—तौफीक खान, शोएब शाह, अल्फेज शाह और वकील खान—को हिरासत में ले लिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है और ऐसे उपद्रवी तत्वों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।

ट्रेनों में 50 संदिग्ध वेंडरों को पकड़ा गया

उज्जैन। ट्रेनों में मूंगफली, भेल, चना-पॉपकॉर्न और अन्य खानपान सामग्री बेचने वाले वेंडरों की आड़ में बड़ा फजीर्वाड़ा सामने आया है। रेलवे की ट्रेन साइड वेंडिंग (टीएसवी) योजना के तहत जितने लोगों को काम करने की अनुमति है, उससे कई गुना अधिक वेंडर ट्रेनों में सामान बेच रहे थे।

एक ट्रेन में अधिकतम चार वेंडरों को काम करने की अनुमति है, लेकिन जांच में कुछ ट्रेनों में 16, 17 और 18 तक वेंडर मिलने की जानकारी सामने आई है। उज्जैन रेलवे स्टेशन पर करीब 50 संदिग्ध वेंडरों को पकड़ा है। इनके पास से आईकार्ड भी जब्त किए गए हैं। मामले में सबसे बड़ा सवाल इन आईकार्ड की वैधता को लेकर है। क्या वेंडरों को दिए गए कार्ड फर्जी हैं या फिर कार्ड होने के बावजूद उनके नाम रेलवे की अधिकृत सूची में नहीं हैं? फिलहाल इसका अंतिम खुलासा नहीं हुआ है। रेलवे का कमर्शियल विभाग कार्ड और वेंडरों के नामों का अधिकृत सूची से मिलान कर रहा है। आरपीएफ ने भी अनधिकृत वेंडरों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की है। जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट होगा कि कितने कार्ड फर्जी हैं और कितने लोग बिना अनुमति काम कर रहे थे।

अखाड़ा परिषद अध्यक्ष रविंद्र पुरी महाराज का अखिलेश यादव पर तीखा हमला

राम-राम जपना और पराया माल अपना अब नहीं चलेगा

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

उज्जैन। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्र पूरी महाराज बुधवार को धार्मिक नगरी उज्जैन स्थित निरंजनी अखाड़े पहुंचे, जहां उन्होंने अपने भक्तों से मुलाकात की और मीडियाकर्मियों से विभिन्न समसामयिक मुद्दों पर खुलकर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने उत्तर प्रदेश की राजनीति, पंडित धीरेंद्र शास्त्री के हालिया बयान और उज्जैन में आगामी सिंहस्थ कुंभ की भव्य तैयारियों पर अपनी प्रतिक्रिया दी।

उत्तर प्रदेश के आगामी राजनीतिक परिदृश्य पर बात करते हुए रविंद्र पूरी महाराज ने समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव पर तीखा हमला बोला। चुनाव से ठीक पहले अखिलेश यादव को भगवान की याद आने पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि चुनाव के समय राम-राम जपना, पराया माल अपना की नीति अब चलने वाली नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि अखिलेश यादव हिंदुओं को



आपस में बांटने और सामाजिक विभाजन की राजनीति करने की कोशिश कर रहे हैं, जो कि सर्वथा अनुचित है। जनता केवल उन्हीं को चुनेगी जिन्होंने धरातल पर काम किया है। उन्होंने विश्वास जताया कि उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ और उत्तराखंड में पुष्कर सिंह धामी तीसरी बार अपनी सरकार बनाएंगे, क्योंकि आज देश का समस्त सनातनी समाज एकजुट है।

धीरेन्द्र शास्त्री को दी गई क्लीन चिट

भगवान श्रीकृष्ण जी की मुद्रा को लेकर बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र शास्त्री के हालिया बयान पर रविंद्र पूरी महाराज ने उन्हें पूरी तरह क्लीन चिट दी। उन्होंने कहा कि धीरेंद्र शास्त्री एक युवा संन्यासी, सहृदय व्यक्ति और देश के सबसे लोकप्रिय कथाकारों में से एक हैं। वे स्वयं भगवान श्रीकृष्णजी के परम भक्त हैं। कभी-कभी अत्यधिक भावुकता या अनजाने में जुबान फिसल (टंग स्लिप) जाती है, ऐसा किसी भी व्यक्ति से हो सकता है। उनके कहने के पीछे कोई गलत भाव नहीं था। इसलिए इस विषय को अधिक तूल देना या इस पर अनावश्यक विवाद खड़ा करना उचित नहीं है। संत का कहना रहा कि व्यक्ति के बयानों के आशय को समझना चाहिए। न की सिर्फ उस पर विवाद खड़ा करने की कोशिश की जानी चाहिए। धीरेन्द्र शास्त्री भगवान श्रीकृष्ण को अपमान की सोच भी नहीं सकते है।

कुंभ मेले के प्रबंधों की जमकर सराहना

बातचीत के अंत में रविंद्र पूरी महाराज ने उज्जैन के चौमुखी विकास और आगामी कुंभ मेले के प्रबंधों की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि उज्जैन आकर उन्हें अत्यंत प्रसन्नता होती है, क्योंकि यहां चारों ओर पुलों, चौड़ी सड़कों और सुंदर घाटों का निर्माण कार्य तेजी से हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में इस बार का कुंभ स्न भूतो न भविष्यतिस्र की तर्ज पर ऐतिहासिक, दिव्य और भव्य होने जा रहा है, जैसा आयोजन पहले कभी नहीं देखा गया। उन्होने कहा कि कुंभ के आयोजन को लेकर जिस तरह की व्यवस्था जुटाई गई है। वह बहुत ही सराहनीय है। कुंभ में आने वाले भक्तों को इन व्यवस्थाओं को कारण परेशानी नहीं होगी।

इंदौर-उज्जैन के बीच आज खेला जाएगा फाइनल मुकाबला



मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

देवास। मुखर्जी नगर स्थित पायोनियर पब्लिक स्कूल में जिला कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना के निर्देशन में आयोजित 70वीं राज्य स्तरीय शालेय सॉफ्ट टेनिस क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह गुरुवार को सुबह 10:30 बजे आयोजित होगा। प्रतियोगिता में 14, 17 एवं 19 वर्ष से कम आयु वर्ग के बालक-बालिका खिलाड़ियों ने अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

जिला शिक्षा अधिकारी एवं संगठन सचिव राजीव सूर्यवंशी तथा क्रीड़ा अधिकारी भारती पीपरा ने बताया कि प्रतियोगिता के सभी आयु वर्गों के फाइनल मुकाबले सुबह 10 बजे तक संपन्न होंगे। फाइनल मुकाबलों में 14 वर्ष से कम बालक, 17 वर्ष से कम बालक एवं बालिका तथा 19 वर्ष से कम बालक वर्ग में इंदौर एवं उज्जैन संभाग के बीच मुकाबला होगा, वहीं 14 वर्ष बालिका एवं 19 वर्ष बालिका वर्ग में इंदौर संभाग का मुकाबला जनजाति विभाग की टीम से होगा। समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के अतिथि सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी, भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती लीलाबाई अटारिया, भाजपा जिला महामंत्री राजेश यादव, जिला पंचायत सीईओ नवीन कुमार धुर्वे एवं नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार होंगे। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

16 शिक्षकों का श्रीफल से सम्मान

भारत विकास परिषद देवास एवं भौंरासा शाखा का संयुक्त गुरु वंदन-छात्र अभिनंदन कार्यक्रम

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

देवास। भारत विकास परिषद की देवास शाखा एवं नवगठित भौंरासा शाखा के संयुक्त तत्वावधान में भारतीय संस्कृति की गुरु-शिष्य परंपरा को सुदृढ़ करने एवं विद्यार्थियों में संस्कारों के विकास के उद्देश्य से गुरु वंदन-छात्र अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, भौंरासा में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। अतिथियों का स्वागत विद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेंद्र चौधरी एवं भौंरासा शाखा अध्यक्ष किशोर वर्मा एवं कन्हैयालाल खाटवा ने किया। कार्यक्रम में भारतीय संस्कृति की गौरवशाली



परंपरा का निर्वहन करते हुए विद्यालय के प्राचार्य सहित 16 शिक्षकों का विद्यार्थियों द्वारा तिलक लगाकर एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। विद्यार्थियों ने अपने गुरुओं के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद भी प्राप्त किया। इस अवसर पर शिक्षा, कला एवं खेलकूद के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों गोलू आंवलादिया, सुमित लोधी, यश भाटिया, श्लोक लोधी, अरुण सोलंकी, नरेंद्र यादव, निकुंज चौधरी, जीशान मेव, अनिकेत कुंभकार, आर्यन भाटी एवं राजपाल कराड़ा को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

गुरुओं का सम्मान भारतीय परंपरा :कीर्ति

कार्यक्रम संयोजक डॉ. कीर्ति चौहान ने गुरु वंदन-छात्र अभिनंदन प्रकल्प की जानकारी देते हुए कहा कि गुरुओं का सम्मान करना एवं विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करना भारतीय संस्कृति की अमूल्य परंपरा है। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में संस्कार, अनुशासन एवं गुरुजनों के प्रति आदर की भावना विकसित करते हैं। भौंरासा शाखा अध्यक्ष किशोर वर्मा ने कहा कि गुरु समाज का निमार्ता होता है और शिष्य समाज का भविष्य। गुरु के मार्गदर्शन से ही एक संस्कारित एवं सशक्त समाज का निर्माण संभव है। संचालन सचिव हेमंत वर्मा ने किया।कार्यक्रम में परिषद के सदस्य विशाल गोयल, राजेंद्र विजयवर्गीय, गोपाल पंडित, सुषमा पंडित, अरविंद त्यागी, अंजना त्यागी, मीना वर्मा एवं अनिल कुमार तिवारी सहित विद्यालय परिवार एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। राष्ट्रीय समूहगान संयोजक अजय पंडित ने सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं उपस्थित सदस्यों आभार माना।

जिले को सूखाग्रस्त घोषित करने के लिए सौपा ज्ञापन

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

देवास। अखिल भारतीय गुर्जर देवसेना संस्था द्वारा देवास जिले में वर्षा की कमी एवं अनियमित बारिश के कारण प्रभावित हो रही फसलों को लेकर मंगलवार को कलेक्ट्रेट में जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से जिले को सूखाग्रस्त घोषित कर प्रभावित किसानों को राहत एवं मुआवजा प्रदान करने की मांग की।

जिलाध्यक्ष दिलीप सिंह गुर्जर ने ज्ञापन में बताया कि देवास जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पर्याप्त एवं नियमित वर्षा नहीं होने के कारण खरीफ फसलों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है। इसके चलते किसानों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों की इस गंभीर समस्या को देखते हुए राजस्व एवं कृषि विभाग के माध्यम से जिले के खेतों और वर्षा की स्थिति का तत्काल सर्वेक्षण कराया जाना आवश्यक है। संस्था ने मांग की कि सर्वेक्षण में सूखे की स्थिति सामने आने पर देवास जिले को सूखाग्रस्त घोषित किया जाए तथा प्रभावित किसानों को उचित राहत राशि, मुआवजा, फसल बीमा एवं शासन की अन्य आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जाए। साथ ही किसानों के हित में शीघ्र निर्णय लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए जाएं। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला उपाध्यक्ष संतोष गुर्जर, जिला महामंत्री जितेंद्र गुर्जर, जिला कोषाध्यक्ष सोनू गुर्जर, युवा तहसील अध्यक्ष अर्जुन खरे, जिला महासचिव देवकर गुर्जर, गोविंद गुर्जर, रोहित गुर्जर, विजय गुर्जर, देवकरण गुर्जर, फूल सिंह गुर्जर, यशवंत गुर्जर, सोनू गुर्जर एवं पिंकेश गुर्जर सहित अन्य उपस्थित रहे।

खाटू श्याम धाम में एकादशी महोत्सव आज

देवास। अमृत नगर स्थित भगवान खाटू श्याम जी धाम में आज गुरुवार, 5 नवंबर को एकादशी महोत्सव श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर खाटू नरेश बाबा श्याम का अलौकिक एवं आकर्षक श्रृंगार रतलाम और उज्जैन से मंगाए गए विभिन्न प्रकार के फूलों से किया जाएगा। श्याम दरबार की विशेष साज-सज्जा के साथ बाबा श्याम को 56 भोग अर्पित किए जाएंगे। महोत्सव के अंतर्गत दोपहर 12 बजे 56 भोग आरती होगी। इस दौरान भजन गायक हिमांशु विजयवर्गीय एवं राधा ठाकुर द्वारा भव्य ताली कीर्तन की प्रस्तुति दी जाएगी, वहीं शाम 5:30 बजे से श्रद्धालुओं के लिए पवित्र ज्योत के दर्शन होंगे।

खाद्य विभाग ने दुकानों से लिए खाद्य पदार्थों के सैंपल

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

शाजापुर। दीपावली और अन्य त्योहारों से पहले शाजापुर में खाद्य एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने मंगलवार को खाद्य पदार्थों की दुकानों पर जांच की। टीम ने 4 से 5 दुकानों से मावा, पनीर और नमकीन सहित खाद्य पदार्थों के नमूने लिए। इन्हें जांच के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई



की जाएगी। विभाग ने स्पष्ट किया है कि दुकानों के निरीक्षण के साथ ही नमूने लेने की यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। उन्होने गुणवत्ता पूर्ण सामग्री उपलब्ध कराने को दुकानदारों से कहा है।

टीम ने मावा भंडार से मावा और पनीर के नमूने लिए। मां उमिया मावा भंडार से मावे का सैंपल लिया गया। वहीं बस स्टैंड स्थित श्री ओम नमकीन एवं स्वीट्स से नमकीन के नमूने लिए गए। खाद्य अधिकारी एमके वर्मा ने बताया कि कलेक्टर डॉ. परीक्षित संजय राव झाडे के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई है। मावा, किराना दुकानों और होटलों से खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर जांच के लिए भेजे जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि त्योहारों के दौरान आम लोगों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए विभाग की यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

आयोजन बाल अधिकारों, पॉक्सो अधिनियम, साइबर अपराध के प्रति किया जागरूक

सुरक्षित बचपन समाज की जिम्मेदारी: मेहता

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

देवास। देवास। सुरक्षित बचपन अभियान के अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सरदाना इंटरनेशनल स्कूल, देवास में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जागरुकता कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके अधिकारों, सुरक्षा, कानून एवं समाज में व्याप्त बाल अपराधों के प्रति जागरूक करना तथा बच्चों के लिए सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने के प्रति संवेदनशील बनाना था।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों को बाल अधिकारों, बाल संरक्षण, साइबर सुरक्षा, बाल विवाह की रोकथाम, बाल श्रम उन्मूलन एवं पॉक्सो कानून जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई एवं विद्यार्थियों को अपने



अधिकारों के प्रति सजग रहने, किसी भी प्रकार के शोषण के विरुद्ध आवाज उठाने तथा स्वयं एवं दूसरों की सुरक्षा के प्रति जिम्मेदार बनने का संदेश भी दिया गया है।

बच्चे को भयमुक्त वातावरण में जीने का अधिकार

कार्यक्रम में जिला एवं प्रधान सत्र न्यायाधीश कपिल मेहता ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों का सुरक्षित बचपन और उनका सर्वांगीण विकास समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। प्रत्येक बच्चे को भयमुक्त वातावरण में शिक्षा प्राप्त करने और सम्मान के साथ जीवन जीने का अधिकार है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने तथा किसी भी प्रकार के शोषण या अनुचित व्यवहार की स्थिति में बिना संकोच अपने अभिभावकों, शिक्षकों एवं संबंधित अधिकारियों को जानकारी देने की अपील की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के लिए यह समय पढ़ाई और अपने निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मेहनत करने का है। मोबाइल फोन का उपयोग भी सही एवं सकारात्मक उद्देश्यों के लिए करें। इसके साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा के संबंध में भी जानकारी दी।

बच्चों को अधिकारों की जानकारी देना जरुरी : पटेल

सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नरेंद्र पटेल ने सुरक्षित बचपन अभियान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए पॉक्सो अधिनियम, बाल विवाह निषेध कानून, बाल श्रम, साइबर अपराध एवं बच्चों के विरुद्ध होने वाले विभिन्न प्रकार के शोषण से संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बच्चों को उनके अधिकारों एवं कानून की जानकारी देना समय की आवश्यकता है। जागरूकता के माध्यम से ही बच्चों को शोषण और अपराधों से सुरक्षित रखा जा सकता है। जिला न्यायाधीश डॉ. रविकांत सोलंकी ने कहा कि कानून केवल अपराध होने के बाद कार्रवाई करने का माध्यम नहीं है, बल्कि कानून की जानकारी समाज को अपराधों से बचाने और सुरक्षित रखने का महत्वपूर्ण साधन भी है। उन्होंने विद्यार्थियों को साइबर अपराधों, अच्छे एवं बुरे स्पर्श की पहचान, व्यक्तिगत सुरक्षा तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि के प्रति सतर्क रहने के संबंध में जानकारी दी। साथ ही आवश्यक आपातकालीन सहायता नंबरों के बारे में भी बताया।

प्रतिभा को मंच देने के लिए नवीन कॉलेज में युवा उत्सव की शुरूआत

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

शाजापुर। एबी रोड स्थित शासकीय नवीन कॉलेज में मंगलवार से तीन दिनी युवा उत्सव की शुरूआत की गई। जहां पहले दिन एकल गायन सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने उत्साह के साथ भाग लिया।

युवा उत्सव प्रभारी डॉ. श्वेता चौहान ने बताया कि महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य प्रो मीनू गीडवानी के मार्गदर्शन युवा उत्सव के तहत महाविद्यालय स्तर पर कार्यक्रम शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मंचासीन अतिथि डॉ. दिनेश निंगवाल, डॉ. आरसी चौहान, डॉ. श्वेता चौहान, डॉ. अर्चना वर्मा, डॉ. सविता यादव व प्रो. अरविंद शर्मा उपस्थित थे। कार्यक्रम को



संबोधित करते हुए डॉ. गिडवानी ने बताया कि युवा उत्सव के माध्यम से आपको अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर मिलेगा। युवा उत्सव की प्रभारी डॉ. श्वेता चौहान ने युवा उत्सव की तीन दिवसीय कार्यक्रम की रूपरेखा को विस्तार पूर्वक प्रस्तुत की। प्रभारी प्राचार्य डा. दिनेश निंगवाल ने कहा कि युवा उत्सव की विभिन्न विधाओं में विद्यार्थी अपनी सहभागिता करे और अपने कौशल को दिखाए। डॉ. आरसी चौहान ने कहा कि युवा उत्सव एक ऐसा मंच है युवाओ को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करता है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. शिवराजसिंह राठौर ने किया और आभार डॉ सविता यादव ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रो. प्रिया जोशी, निर्मला गहलोत, निर्मला सूर्यवंशी, सोनू मालवीय, डॉ. प्रवीण कुमरावत, डॉ. रोहित गौड़, डॉ. संजय राठौर, डॉ. उत्तम उपाध्याय, डॉ. खुशबू बैग, डॉ. टीएल चौहान, डॉ. जनेश्वर यादव, डॉ. दिलीप माहेश्वरी, पूजा राठौर, मुकेश सोलंकी आदि उपस्थित थे।

ऑटो में सामान की तरह भरे जा रहे मासूम, बनी रहती है हादसे की आशंका, जिम्मेदार खामोश

बच्चों की जान से खिलवाड़ करने में लगे हुए है यह ऑटो वाले अंकल

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

गुना। शिक्षा के मंदिरों में नौनिहालों के सुरक्षित भविष्य को गढ़ा जाता है, लेकिन गुना शहर के कुछ प्रतिष्ठित और बड़े स्कूलों के भीतर का नजारा कुछ और ही दास्तान बयां कर रहा है। यहाँ मासूमों की जिंदगी के साथ सरेआम खिलवाड़ हो रहा है। महज पाँच सीटर ऑटो रिक्शा में ग्यारह से बारह बच्चों को ठूंस-ठूंसकर भरा जा रहा है, और हैरानी की बात यह है कि यह सब कुछ स्कूल परिसरों के अंदर से संचालित हो रहा है, जहाँ स्कूल प्रबंधन आँखें मूंदकर बैठा है।

शहर के कई बड़े स्कूलों में बच्चों की सुरक्षा को ताक पर रख दिया गया है। स्थिति यह है कि स्कूल की छुट्टी के बाद ऑटो चालक सीधे स्कूल परिसर के अंदर वाहन ले जाते हैं और बच्चों को इस तरह भरते हैं जैसे कोई सामान लादा जा रहा हो। क्षमता से दोगुने से भी अधिक बच्चों को एक छोटे से ऑटो में बैठाया जाता है। बच्चे ऑटो की सीटों से लेकर ड्राइवर के बैठने की जगह तक चिपके नजर आते हैं। इस,से साफ समझआता है कि यह ऑटो वाले अंकल बच्चों की जान से खिलवाड़ कर रहे है।स्कूल प्रबंधन की नैतिक जिम्मेदारी है कि वे बच्चों की सुरक्षा का ध्यान रखें, लेकिन अधिकांश स्कूलों के जिम्मेदार इस गंभीर लापरवाही पर पूरी तरह मौन साधे हुए हैं।



यातायात पुलिस की सुस्ती और हादसों का जोखिम

इस गंभीर समस्या के लंबे समय से बने रहने के बावजूद शहर की यातायात पुलिस का अमला इन लापरवाह ऑटो चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने से कतराता नजर आ रहा है। सड़कों पर नियमों की अनदेखी खुलेआम हो रही है, लेकिन पुलिस की चालानी कार्रवाई या चेकिंग अभियान कागजों तक सीमित प्रतीत होता है। पूर्व में भी स्कूली वाहनों के पलटने और बच्चों के घायल होने की कई दर्दनाक दुर्घटनाएं सामने आ चुकी हैं, इसके बावजूद जिम्मेदार विभागों द्वारा किसी बड़े हादसे का इंतजार किया जा रहा है।

आम सवारियों का भी कमोबेश यही हाल

बच्चों के अलावा शहर में चलने वाले ऑटो और मैजिक वाहनों में आम सवारियों की स्थिति भी कम दयनीय नहीं है। निर्धारित क्षमता से अधिक यात्रियों को ठूंसकर शहर की सड़कों पर वाहन दौड़ाए जा रहे हैं, जिससे यातायात व्यवस्था चरमरा गई है और कभी भी कोई बड़ा सड़क हादसा हो सकता है।

अभिभावकों में रोष, सख्त कार्रवाई की मांग

इस खतरनाक खेल को लेकर अब शहर के जागरूक अभिभावकों में गहरा रोष व्याप्त है। पालकों का कहना है कि वे अपने बच्चों को पढ़ाने के लिए भेजते हैं, रोज दांव पर लगी उनकी जान जोखिम में डालने के लिए नहीं। अभिभावकों और शहरवासियों ने जिला प्रशासन, शिक्षा विभाग और यातायात पुलिस से पुरजोर मांग की है कि ऐसे लापरवाह स्कूलों और बेलगाम ऑटो चालकों के खिलाफ तत्काल प्रभाव से संयुक्त रूप से सख्त अभियान चलाया जाए, ताकि किसी अनहोनी से पहले मासूमों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। ऑटो में भेड़, बकरियों की तरह अपने बच्चों को भरे जाने को लेकर कई बार पालक भी नारजगी जता चुके है। इसके बाद भी यह अनवरत जारी है।

दीपावली से ठीक पहले हुई गुना में सफाई व्यवस्था ठप

सफाईकर्मियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरु



मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

गुना। दीपावली के मुहाने पर खड़े शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह ठप हो गई है। अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस के बैनर तले नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों ने अपनी सोलह सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल का ऐलान करते हुए बुधवार को नगरपालिका कार्यालय के सामने जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान नाराज कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की।

संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि उनकी मांगें पिछले बीस वर्षों से लगातार लंबित चली आ रही हैं। न्यूनतम पच्चीस हजार रुपये वेतन और सेवा नियमितीकरण उनकी प्रमुख मांगें हैं। अपनी इन मांगों के समर्थन में कर्मचारियों ने गत बाईस अक्टूबर को भी ज्ञापन सौंपा था। इसके बाद, तीन नवंबर को भोपाल जाकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपने का प्रयास किया गया था, लेकिन मुलाकात न होने और ज्ञापन स्वीकार न किए जाने से कर्मचारियों में भारी रोष व्याप्त हो गया। कर्मचारियों का सीधा आरोप है कि सरकार उनकी समस्याओं की लगातार अनदेखी कर रही है, जिसके चलते उन्हें मजबूरन हड़ताल का रास्ता अपनाना पड़ा।

एक ही दिन में 242 से अधिक डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र जमा

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

अशोकनगर। सेवानिवृत्त अधिकारी/कर्मचारी पेंशनर महासंघ के आह्वान पर स्थानीय वेदांत भवन में एक भव्य पेंशनर मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस विशेष शिविर में भारतीय स्टेट बैंक स्टेशन रोड शाखा के मुख्य प्रबंधक राजेंद्र कुमार पाठक और उप प्रबंधक अटल प्रकाश शर्मा ने शिरकत करते हुए बैंक संबंधी आवश्यक जानकारियां दीं और आश्वस्त किया कि बैंक हमेशा पेंशनर्स की सेवा के लिए तत्पर है।

इस दौरान डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र जमा करने की प्रक्रिया को सुगम बनाते हुए एसबीआई की दोनों शाखाओं के लगभग 15 सहायकों ने स्पॉट पर ही सेवाएं दीं। जीवन प्रमाण पत्र ऑनलाइन जमा करने के लिए आवश्यक दस्तावेज पेंशनर का पीपीओ नंबर और मोबाइल नंबर के माध्यम से मात्र 1 से 2 मिनट के भीतर लगभग 242 से अधिक पेंशनर्स के डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र सफलतापूर्वक ऑनलाइन जमा किए गए। प्रमाण पत्र जमा होते ही मोबाइल पर तत्काल मैसेज के जरिए इसकी पुष्टि भी मिल गई।



बीपी, शुगर, हीमोग्लोबिन की निःशुल्क जांच

समारोह के दौरान पेंशनर्स के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखते हुए पैथोलॉजिस्ट सुजीत यादव और उनके सहयोगियों द्वारा सभी बुजुर्गों की बीपी, शुगर और हीमोग्लोबिन की निःशुल्क जांच की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में पेंशनर महासंघ के प्रांतीय कोषाध्यक्ष अशोक शर्मा, जिलाध्यक्ष दिनेश विरथरे, कार्यकारी अध्यक्ष हरवंश लाल जुनेजा, जिला सचिव महाराज सिंह रघुवंशी, प्रांतीय सह कोषाध्यक्ष महेश शर्मा, प्रांतीय प्रचार मंत्री हरिओम शर्मा, संभागीय सचिव प्रहलाद श्रीवास्तव पीटीआई, संभागीय उपाध्यक्ष रमेश पाराशर, जिला कोषाध्यक्ष संजय चौधरी, प्रमोद राजावत, बालचंद नरवरिया सहित पूरी महासंघ कार्यकारिणी ने सक्रिय सहयोग दिया। कार्यक्रम के अंत में बैंक प्रबंधक राजेंद्र कुमार पाठक और महासंघ के पदाधिकारियों ने एक-दूसरे का आभार व्यक्त किया।

नेता प्रतिपक्ष का सिंधिया को पत्र, गिनाए घोटाले

गुना। नगरपालिका की वर्तमान परिषद के कार्यकाल में शहर की बदहाल स्थिति और प्रशासनिक लचरता को लेकर नगर पालिका में नेता प्रतिपक्ष शेखर वशिष्ठ ने क्षेत्रीय सांसद एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को एक कड़ा पत्र लिखा है। पत्र के जरिए उन्होंने केंद्रीय मंत्री को शहर के बिगड़े हालातों और पालिका में व्याप्त कथित अव्यवस्थाओं से बिंदुवार अवगत कराया है। वशिष्ठ ने अपने पत्र में लिखा कि सिंधिया के संसदीय कार्यकाल में उन्होंने कांग्रेस और भाजपा दोनों की परिषदें देखी हैं, लेकिन इस तरह की अराजकता पहले कभी नहीं देखी। उन्होंने भ्रष्टाचार के 10 प्रमुख बिंदु उठाते हुए आरोप लगाया कि नाला सफाई, रोड स्वीपर, ई-रिक्शा और मृत मवेशी लोडिंग जैसी लाखों रुपये की मशीनें खरीद के बाद से कबाड़ में पड़ी हैं। साथ ही, कचरा प्रबंधन में साढ़े चार करोड़ के कथित घोटाले, 5 महीने में उखड़ने वाली सड़कों, 3 करोड़ की रपटा योजना, 6 करोड़ के निमाणाधीन कम्युनिटी हॉल की देरी और नामांतरण में आमजन को हो रही परेशानियों को उजागर किया।

फरार महिला स्थाई वारंटी को किया गया गिरफ्तार



मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

अशोकनगर। पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश एवं एसडीओपी चंदेरी महेश शर्मा के मार्गदर्शन में थाना चन्देरी द्वारा कार्यवाही करते हुए फरार स्थाई वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया।

पुलिस के अनुसार न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी चन्देरी जिला अशोकनगर द्वारा थाना चन्देरी के प्रकरण क्रमांक 409/2026 में आरोपी श्रीबाई उर्फ राजश्री बाई आदिवासी निवासी ग्राम बैंहटी थाना चन्देरी का स्थाई वारंटी जारी किया गया था जिसके पालन में थाना चन्देरी द्वारा फरार स्थाई वारंटी श्रीबाई उर्फ राजश्री बाई आदिवासी निवासी ग्राम बैंहटी थाना चन्देरी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी चन्देरी प्रशांत यादव, चैकी प्रभारी विक्रमपुर उनि0 जूली रघुवंशी, जगदीश पाराशर, रविकांत चैकसे, कृष्णकुमार शर्मा, अंकित कटिहार की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के अनुसार जिले में फरार आरोपियों एवं वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए प्रभावी कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

पुलिस कार्रवाई से आहत महिला ने खाया जहर

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

गुना। फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम धनोरिया में पूर्व में हुए जमीन विवाद को लेकर एक बार फिर दो पक्षों में विवाद की स्थिति बन गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुँची पुलिस कार्रवाई के दौरान उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक महिला ने संदिग्ध जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। महिला की हालत बिगड़ने पर उसे आनन-फानन में उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार, पूरा मामला जमीन के पुराने विवाद से जुड़ा हुआ है। पीड़िता आनंदी बाई का आरोप है कि दूसरे पक्ष द्वारा उनके घर की तरफ पत्थर फेंके जा रहे थे, जिस पर विवाद बढ़ गया और विरोध करने पर उनके बेटे के साथ मारपीट की गई। घटना की सूचना पर जब फतेहगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुँची, तो स्थिति और तनावपूर्ण हो गई। अस्पताल में उपचाराधीन आनंदी बाई का गंभीर आरोप है कि पुलिस ने हमलावर आरोपियों को पकड़ने और उन पर कार्रवाई करने के बजाय उल्टा उनके परिवार के साथ सख्ती दिखाई। महिला का दावा है कि पुलिस कर्मियों ने उनकी बेटी और बहू कुसमा के साथ मारपीट की। पुलिस के इस रवैये से आहत और क्षुब्ध होकर आनंदी बाई ने जहरीला पदार्थ गटक लिया।

बच्चों की हस्तकला और हुनर ने मोहा सबका मन

गुना। मन समिति द्वारा संचालित मन स्पेशल स्कूल और मन कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में परिसर में दीपावली उत्सव और भव्य मेले का रंगारंग आयोजन किया गया। इस अनूठे मेले में विशेष बच्चों और कॉलेज के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर अपनी कला का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. अनिल विजयवर्गीय, एस.के. सक्सेना, सचिव संगीता सिंह, डायरेक्टर डॉ. संध्या श्रीवास्तव और कोषाध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव ने किया। मेले का मुख्य आकर्षण विशेष बच्चों द्वारा तैयार किए गए हस्तनिर्मित दीये, सजावटी सामग्रियां और कलात्मक वस्तुएं रहीं। मेले में मन कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा लगाए गए स्वादिष्ट व्यंजनों के फूड स्टॉल्स ने मेले के उत्साह को दोगुना कर दिया।

प्रदेश में बेखौफ माफियाराज, चरमराई कानून व्यवस्था: कांग्रेस

देवास में शराब माफिया द्वारा टीआई की हत्या के विरोध में ज्ञापन सौपकर जताया विरोध

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

अशोकनगर। मध्य प्रदेश में बढ़ते माफिया राज, कानून-व्यवस्था की विफलता और पुलिस-प्रशासन पर हो रहे जानलेवा हमलों का आरोप लगाते हुए जिला कांग्रेस कमेटी ने बुधवार को ज्ञापन सौपा।

जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिंह कुशवाहा के नेतृत्व में कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन जिला कलेक्टर को सौंपा और प्रदेश में सक्रिय माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में हाल ही में खातेगांव थाना प्रभारी दिलीप पूरी गोस्वामी की शराब माफियाओं द्वारा ट्रक से कुचलकर की गई नृशंस हत्या का उल्लेख करते हुए इसे बेहद हृदयविदारक और शासकीय तंत्र पर करारा तमाचा बताया गया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि गृह विभाग स्वयं मुख्यमंत्री के पास होने के बावजूद पूरे



प्रदेश में रेत, खनिज और शराब माफिया बेखौफ होकर फल-फूल रहे हैं। शासन और प्रशासन का डर माफियाओं के दिलों से पूरी तरह खत्म हो चुका है, जिससे आज आम जनता की सुरक्षा करने वाली पुलिस खुद असुरक्षित महसूस कर रही है। नेताओं ने सवाल उठाया कि आखिर इन अपराधियों को किसका राजनीतिक और प्रशासनिक संरक्षण प्राप्त है, जिससे इनके हौसले इतने बुलंद हैं।

अवैध माफिया तंत्र को ध्वस्त करने चलाएं अभियान

जिला कांग्रेस कमेटी ने राज्यपाल से प्रमुख मांगें रखीं कि खातेगांव कांड के दोषियों के खिलाफ फास्ट ट्रैक कोर्ट के माध्यम से त्वरित सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, पूरे प्रदेश में विशेष अभियान चलाकर अवैध माफिया तंत्र को ध्वस्त किया जाए तथा शहीद पुलिस अधिकारी के परिवार को उचित आर्थिक सहायता एवं एक सदस्य को शासकीय सेवा प्रदान की जाए। चेतावनी दी गई कि यदि माफिया राज पर तुरंत अंकुश नहीं लगाया गया, तो कांग्रेस उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगी।

ज्ञापन सौंपने के दौरान विधायक इंजीनियर हरी बाबू राय, प्रदेश महासचिव यादवेंद्र सिंह यादव, मुंगावली ब्लॉक अध्यक्ष शोभाराम राजपूत, ईसागढ़ ब्लॉक अध्यक्ष अवधेश लोधी, नगर अध्यक्ष सुधीर शर्मा, राहुल शर्मा पंडा, अकील कुरैशी, राजकुमार लोधी, ऋषिकेश शर्मा, शिव चरण शर्मा और अमन महाराज रामस्वरूप सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सराहनीय जूनियर लीनेस लिटिल स्टार्स क्लब ने दीं बच्चों को जरुरत की वस्तुएं

बच्चों के साथ मनाई गई खुशियों की दिवाली

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

अशोकनगर। जूनियर लीनेस लिटिल स्टार्स क्लब द्वारा दीपावली के पावन अवसर पर खुशियों की दिवाली नाम से एक विशेष सेवा प्रकल्प आयोजित किया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य उन जरूरतमंद परिवारों के चेहरों पर मुस्कान लाना था, जो आर्थिक अभाव के कारण दीपावली का पर्व हर्षोल्लास के साथ नहीं मना पाते।

इस सेवा प्रकल्प के अंतर्गत क्लब के नन्हे सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपनी सामर्थ्य अनुसार विभिन्न उपयोगी एवं आवश्यक वस्तुओं का योगदान दिया। इसमें मिठाई, फल, बिस्किट, कपड़े, जूते-चप्पल, गर्म कपड़े, थर्मल, दीपक एवं खाद्य तेल सहित अन्य आवश्यक सामग्री एकत्रित की



गई तथा जरूरतमंद परिवारों को वितरित की गई। इन वस्तुओं को पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल गए। लगा कि वास्तव में यहीं असली दिवाली है। जो सभी लोग मिलजुलकर मना सकें।

क्लब की चेयरपर्सन सोनम सोनी के मार्गदर्शन में आयोजित इस सेवा प्रकल्प में जूनियर क्लब के सदस्य याशिका सेन, विधि गोयल, ऋषिका अग्रवाल, तरन कौर, दिव्यांशी शर्मा एवं सिद्धि रघुवंशी ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। सभी बच्चों ने अपनी ओर से योगदान देकर सेवा एवं सहयोग की भावना का परिचय दिया। कार्यक्रम में प्रांतीय अध्यक्ष सीमा अग्रवाल एवं डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट अलका अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उनके साथ क्लब की सदस्य सपना सेठ, सोनम सोनी, दीपा रघुवंशी एवं रुचि गुप्ता भी उपस्थित रहीं। सभी ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया और इस सेवा कार्य में सक्रिय सहभागिता निभाई।

संवेदनशीलता एवं उत्तरदायित्व की भावना विकसित हो

इस दौरान बताया गया कि क्लब की इस पहल का उद्देश्य बच्चों में बचपन से ही सेवा, सहयोग, संवेदनशीलता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना है। बच्चों ने यह संदेश दिया कि दीपावली की वास्तविक खुशी केवल स्वयं उत्सव मनाने में नहीं, बल्कि दूसरों के जीवन में भी खुशियों का उजाला फैलाने में है।

छोटे-छोटे प्रयास बड़ी खुशी का कारण

जूनियर लायनेस लिटिल स्टार्स क्लब की चेयरपर्सन सोनम सोनी ने सभी पदाधिकारियों, सदस्यों एवं लिटिल स्टार्स के सहयोग और सहभागिता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि छोटे-छोटे प्रयास भी किसी जरूरतमंद परिवार के लिए बड़ी खुशी का कारण बन सकते हैं। ऐसे सेवा कार्य बच्चों को मानवीय मूल्यों से जोड़ते हैं और समाज के प्रति उनकी जिम्मेदारी का एहसास कराते हैं। जूनियर लीनेस क्लब की इस पहल ने खुशियाँ बाँटें, मुस्कानें जगाएँ के संदेश को सार्थक करते हुए समाज में सेवा, समर्पण और मानवता की भावना को प्रोत्साहित किया।

तीन प्रतिष्ठानों से लिए सैंपल, जुर्माना

आरोन में राजस्व और खाद्य सुरक्षा विभाग की बड़ी छापेमार कार्रवाई

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

आरोन/गुना। आगामी त्योहारों के मद्देनजर आम नागरिकों को शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन एक्शन मोड में नजर आ रहा है। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) आरोन मंजूषा खत्री के मार्गदर्शन में तहसील आरोन में मिठाई दुकानों और रेस्टोरेंट पर औचक निरीक्षण सह जांच अभियान चलाया गया।

इस कार्रवाई के तहत कार्यपालिक मजिस्ट्रेट अमित जैन, खाद्य सुरक्षा अधिकारी रवि शिवहरे, खाद्य सुरक्षा अधिकारी नवीन जैन, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी वर्षा बडोनिया और नगरपालिका की संयुक्त टीम ने आरोन स्थित प्रमुख खाद्य प्रतिष्ठानों पर आकस्मिक दबिश दी। जांच



के दौरान जोधपुर मिष्ठान भंडार से मलाई बर्फी और बेसन की बर्फी, नवीन रेस्टोरेंट से मावा, घी व बर्फी तथा जैन श्री चाट भंडार से सोयाबीन तेल के सैंपल लिए गए। सभी नमूनों को राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा जा रहा है, ताकि उनकी गुणवत्ता की जांच हो सके। कलेक्टर ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वाले और अवैध गतिविधियों में लिप्त कारोबारियों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। त्योहारों के दौरान जिले भर में खाद्य प्रतिष्ठानों की निगरानी और जांच का यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

गंदगी मिलने पर जुर्माना और दो घरेलू सिलेंडर जप्त

कार्रवाई के दौरान स्वच्छता मानकों की अनदेखी और गंदगी पाए जाने पर नगरपालिका द्वारा सख्त रुख अपनाया गया।नवीन रेस्टोरेंट पर एक हजार रुपये तथा जैन श्री चाट भंडार पर पांच सौ रुपये का नकद जुर्माना लगाया । इसके अलावा, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी की टीम ने सिरोंज बायपास स्थित खाना खजाना भोजनालय पर छापा मारकर व्यावसायिक उपयोग में लिए जा रहे दो घरेलू गैस सिलेंडर जप्त किए।

स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक- जितेंद्र कोठारी द्वारा पी.जी. इंफ्रास्ट्रक्चर एण्ड सर्विस प्रा.लि. राऊखेड़ी, देवास रोड, इंदौर (म.प्र.) 453771 से मुद्रित एवं 107, प्रथम माला, स्वदेश भवन, ए.बी. रोड, इंदौर (म.प्र.) 452011 से प्रकाशित। संपादक-राघवेंद्र*।
आरएनआई नं. एमपीबीआईएल/2020/80117, फोन- 0731 3144237, मो. 83570 89000, Email-mradubhashi.news@gmail.com। समाचार चयन के लिए पीआरपी एक्ट के तहत जिम्मेदार। (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।)